दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




सर्दी के मौसम में हार्ट....



जब पेट में बार बार महसूस होता है दर्द........


वर्ष : 11 | अंक : 359 | लखनऊ, 19 दिसम्बर, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क



**जम्मू।** पुलिस ने श्रीनगर में कुख्यात नशा तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस स्टेशन पारिमपोरा के तहत पुलिस पोस्ट कमरवारी ने सुहेल अहमद मीर निवासी बरथना, कमरवारी से जुड़े एक दो मंजिला और एक-एक मंजिला रिहायशी घर को कुर्क करने के नोटिस जारी किए। कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य लगभग एक करोड़ आंका गया है। जांच के दौरान आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों की संपत्तियों की विस्तृत जांच की गई। आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी कर रहा है।

## भारत-ओमान बिजनेस फोरम को किया संबोधित

# मस्कट में बोले पीएम मोदी-भारत ने नीतियों के साथ-साथ आर्थिक डीएनए भी बदल दिया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओमान दौरे का आज दूसरा दिन है। आज पीएम मोदी की मौजूदगी में भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समझौते से 21वीं सदी में भारत-ओमान की साझेदारी में नया विश्वास और उत्साह का संचार होगा। पीएम मोदी ने भारत-ओमान बिजनेस फोरम के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, भारत-ओमान साझेदारी को ये सम्मेलन नई दिशा, नई गति देगा और दोनों देशों के संबंध नई बुलंदियों पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज एक दूसरे के साथ समुद्र के जरिए व्यापार करते रहे हैं। मांडवी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल बना। इस पुल ने हमारे रिश्तों को मजबूत किया और संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी। आज हम कह सकते हैं कि समुद्र की लहरें बदलती हैं, मौसम बदलते हैं, लेकिन भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत होती है।

*दिवाली का दीया हमारे घर को ही नहीं, पूरी दुनिया को रोशन करेगा*

**दोनों देशों के व्यापार को नई गति मिलेगी**



पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

**हम भारतीय विविधता का सम्मान करते हैं**

पीएम मोदी ने ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम एक परिवार की तरह इकट्ठा हुए हैं। भारत में विविधता है, जो हमारी संस्कृति का मजबूत आधार है। हमारे लिए हर दिन एक नया रंग लेकर आता है, हर मौसम एक नया उत्सव बन जाता है, हर परंपरा एक नई सोच के साथ आती है।

प्रधानमंत्री ने कहा हमारा रिश्ता विश्वास की नींव पर बना है और समय के साथ गहराता चला गया है। हमारे कूटनीतिक संबंधों को 70 साल हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हम ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता 21वीं सदी में हमारी साझेदारी को नया विश्वास और नई ऊर्जा देगा। इससे व्यापार को नई गति मिलेगी।

**भारत-ओमान संबंधों की तारीफ की**

प्रधानमंत्री ने कहा, आज हम सब यहां भारत-ओमान 'मैत्री पर्व' भी मना रहे हैं। एम मतलब **Maritime Heritage** (समुद्री विरासत), ए का मतलब **Aspiration** (आकांक्षा), आई का मतलब **Innovation** (नवाचार), टी का मतलब **Trust and Technology** (विश्वास और तकनीक), आर का मतलब **Respect** (सम्मान) और आई का मतलब **Inclusive Growth** (समावेशी विकास) है। ये मैत्री पर्व दोनों देशों की दोस्ती और हमारी साझा सांस्कृतिक और समृद्ध भविष्य का उत्सव है।

**भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ओमान के रिश्ते व्यापार से शुरू हुए और आज शिक्षा इन्हें मजबूत बना रही है। पीएम मोदी ने कहा कि ओमान के भारतीय स्कूलों में 46 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं और इनमें ओमान में रहने वाले अन्य समुदाय के लोग भी हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत के तेज आर्थिक विकास का जिक्र किया और कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पीएम मोदी ने उनकी सरकार के कार्यकाल में आईआईटी, आईआईएम और एम्स की संख्या में बढ़ोतरी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने भारत के अंतरिक्ष मिशन की उपलब्धियों का भी जिक्र किया और कहा कि हम चांद के साथ दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। इसके बाद पीएम मोदी ने भारत की कई अन्य उपलब्धियों का जिक्र किया।

### पीएम का सुल्तान ने किया स्वागत



पीएम मोदी का गुरुवार को अल बराका पैलेस में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने चर्चा की। इस दौरान, पीएम मोदी ने भारत-ओमान संबंधों को गहरा करने में शिक्षा और अंतरिक्ष सहयोग की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और ओमान में भारतीय शिक्षा की 50वीं वर्षगांठ को दोनों देशों के संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर बताया। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि एआई सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से साझेदारी भविष्य के लिए तैयार हो रही है।

## दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों पर बोले पीएम

### मित्र देशों की प्रगति में हम 'साथ' ओमान की कंपनियां निवेश करें



व्यापारिक मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी ने की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। मस्कट में आयोजित भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देने वाला साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हम ऐसा ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। सीईपीए हमारे साझेदारी संबंधों को 21वीं सदी में नई मजबूती और नई ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि भारत का स्वभाव हमेशा प्रगतिशील और आत्मनिर्भर रहा है और जब भारत आगे बढ़ता है, तो अपने मित्र देशों की प्रगति में भी योगदान देता है। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बताया और कहा कि ओमान के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि दोनों देश न केवल करीबी मित्र हैं बल्कि समुद्री पड़ोसी भी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच पीढ़ियों पुराना विश्वास है और व्यापारिक संबंधों में एक-दूसरे के बाजारों की गहरी समझ है।

**भारत की विकास यात्रा में भागीदारी का निमंत्रण**

प्रधानमंत्री ने ओमान की कंपनियों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने केवल नीतियां ही नहीं बदलीं, बल्कि अपने आर्थिक डीएनए में भी बदलाव किया है। इस दौरान उन्होंने जीएसटी और दिवाला व शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) जैसे प्रमुख सुधारों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर ओमान पहुंचे थे। आर्थिक मोर्चे पर भारत-ओमान के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात लगभग 4 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर रहा।

## पुलिस ने छोड़ी आंसू गैस तो किसानों ने फेंके आलू



**नई दिल्ली।** सड़क पर कृषि उपज फेंककर विरोध केवल भारत में नहीं होता। दूसरे देशों में भी किसान गुस्से में फसल सड़क पर फेंकते हैं। बीते रोज ब्रुसेल्स में ईयू समिट चल रही थी। तभी किसानों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े तो किसानों ने आलुओं की बौछार कर दी।

## कई देश लगा चुके हैं प्रतिबंध

# ऑस्ट्रिया के बाद अब डेनमार्क ने बैन कर दिया हिजाब और बुर्का

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

यूरोपीय देश डेनमार्क अब स्कूलों और यूनिवर्सिटी में बुर्का, नकाब और चेहरा ढकने वाले कपड़े पर प्रतिबंध लगाने लगाने जा रहा है। डेनमार्क में सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर पहले ही रोक है और अब इसे स्कूलों और यूनिवर्सिटी में भी लागू करने की तैयारी है। देश के इमिग्रेशन और इंटीग्रेशन मंत्री रासमस स्टॉकलुंड ने एक बयान में कहा, बुर्का, नकाब या ऐसे कपड़े जो लोगों के चेहरे छिपाते हैं, उनकी डेनमार्क के क्लासरूम में कोई जगह नहीं है। इससे पहले आस्ट्रिया ने भी कुछ इसी तरह के कदम उठाए हैं।

डेनमार्क प्रशासन ने अगस्त 2018 में सार्वजनिक जगहों पर पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़े पर पूरी तरह रोक लगा दी थी, जिसमें बुर्का और नकाब जैसे इस्लामिक परिधान भी शामिल थे। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता था। अब इसे आगे बढ़ाने की योजना है। रिपोर्ट के अनुसार पूरे चेहरे को ढकने वाले नकाब को बढ़ाने वाला बिल फरवरी 2026 में डेनमार्क की संसद में पेश किया जाएगा।



## व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल का एक और आतंकी गिरफ्तार

# एनआईए ने शोपियां के यासिर डार को दिल्ली से दबोच लिया

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के बाद 9वां आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली बिस्फोट मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने व्हाइट कॉलर मॉड्यूल के एक और आतंकी यासिर डार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यासिर डार दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां का रहने वाला है।

गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने उसे दिल्ली की पटियाला कोर्ट में पेश किया है। उसे 26 दिसंबर तक रिमांड पर भेजा है। इसके साथ ही एनआईए ने दिल्ली धमाका मामले में नौवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए की जांच से पता चला है कि यासिर अहमद डार इस आतंकी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। उसने वफादारी की शपथ ली थी और आत्मघाती (फिदायीन) हमले को अंजाम देने की कसम खाई थी। जांच एजेंसी के अनुसार, यासिर अन्य आरोपियों के साथ घनिष्ठ संपर्क में था, जिनमें धमाके को अंजाम देने वाला मृतक आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी और मुफ्ती इरफान शामिल हैं।



बता दें कि 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 22 से अधिक लोग घायल हुए थे। इससे पहले दिल्ली धमाका मामले में एनआईए ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक और आतंकी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को जम्मू-कश्मीर के बारामूला से गिरफ्तार किया है। वह आठवां आतंकी था।

## राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष डेविड वान वील के साथ की बैठक

# भारत और नीदरलैंड्स रक्षा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कई बड़े काम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ती और मजबूत रक्षा साझेदारी की पुष्टि की गई। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने कार्यनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस मुलाकात में एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और नीदरलैंड्स की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। दोनों मंत्रियों ने एक करीबी रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों, विशेष रूप से विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, को जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड्स की राजदूत मारिसा जेराड्र्स ने दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर आशय पत्र का आदान-प्रदान किया।

दोनों देश प्रौद्योगिकी सहयोग, सह-उत्पादन और प्लेटफार्मों एवं उपकरणों के सह-विकास के लिए एक रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित क्षेत्रों में रक्षा सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना चाहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध बहुत मजबूत हैं, और नीदरलैंड्स में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय एक जीवित सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो दोस्ती के बंधनों को मजबूत कर रहे हैं।

दोनों देशों की सेनाओं के बीच बढ़ाएंगे सहयोग, लक्ष्य के साथ करेंगे काम

रक्षा औद्योगिक रोडमैप विकसित करके पारस्परिक लाभ के लिए चिन्हित करेंगे





**एस. जयशंकर से करेंगे मुलाकात**



भारत के विदेश मंत्रालय ने नीदरलैंड के विदेश मंत्री के भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत में आपका स्वागत है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील आज नई दिल्ली पहुंचे। दिल्ली और मुंबई में आयोजित उनके कार्यक्रमों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और उनमें विविधता लाने पर फोकस रहेगा। इस महीने की शुरुआत में भारत और नीदरलैंड ने नई दिल्ली में 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक की थी। इसमें दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर और एआई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ग्रीन हाइड्रोजन और शिपिंग, रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण तकनीकों और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## तकनीक से जुटा रहा करोड़ों का फंड

# पेड़ों और बांधों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहा चीन, रखा बड़ा लक्ष्य

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

टेक्नोलॉजी की मदद से आजकल असंभव को भी संभव किया जा सकता है, लेकिन इस मामले में चीन कई विकसित देशों से आगे निकल चुका है। चीन ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर निवेश को बिल्कुल ही नया आयाम दे दिया है। चीन में कंपनियां कई कीमती और दुर्लभ चीजों को डिजिटल संपत्ति में बदल रहीं हैं, ताकि भविष्य में उससे मुनाफा कमाया जा सके। चीन के हैनान द्वीप पर पाए जाने वाले दुर्लभ हुआंगहुआली पेड़ों की अब तस्वीरें ली जा रही हैं ताकि उन्हें डिजिटल संपत्ति में बदला जा सके। यह शीशम की एक ऐसी प्रजाति है जिसे कभी चीनी सम्राट पसंद किया करते थे। समस्या यह है कि इस पेड़ को तैयार होने में दशकों लग जाते हैं, जिससे किसानों को लंबे समय तक पैसे का इंतजार करना पड़ता है। अब गीली टेक्नोलॉजी ग्रुप जैसी कंपनियां इन पेड़ों को रियल वर्ल्ड एसेट यानी डिजिटल टोकन में बदलकर निवेशकों से पैसा जुटा रही हैं। आसान शब्दों में कहें तो, आप एक पूरे पेड़ के बजाय उसके एक छोटे से हिस्से का डिजिटल शेयर खरीद सकते हैं।



# घोटालों की विरासत, आतंक पर चुप्पी: यही है कांग्रेस-सपा का काला सच - डॉ. राजेश्वर सिंह

## रिकॉर्ड सार्वजनिक हैं, इतिहास हिसाब रखता है: आंकड़ो के साथ विपक्ष पर डॉ. राजेश्वर सिंह का करारा प्रहार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की राजनीतिक विश्वसनीयता, नैतिक साहस और सार्वजनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। अपने सिलसिलेवार संदेशों में उन्होंने कहा कि जो दल स्वयं सत्ता में रहते हुए नीतिगत भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलताओं और पर्यावरणीय विनाश से जुड़े रहे हैं, उन्हें आज देश को नैतिकता, संविधान और सुशासन का उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

### कांग्रेस को दिलाई घोटालों की याद –

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कांग्रेस शासनकाल की ओर इशारा करते हुए कहा कि 2ऋ स्पेक्ट्रम आवंटन, कोयला ब्लॉक निरस्तीकरण, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर सौदा, आदर्श हाउसिंग मामला, कठ मीडिया प्रकरण और संसद के भीतर कैश-फॉर-वोट्स जैसे विषय राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि उअऋ रिपोर्ट्स, सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों और संवैधानिक संस्थाओं के सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजनीतिक स्मृति सुविधानुसार नहीं चलती और देश भूलने की बीमारी से नहीं, जवाबदेही से चलता है।

### सपा शासन – कमजोर शासन और भ्रष्टाचारियों का राजनीतिक संरक्षण

इसी क्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के शासनकाल के दौरान पर्यावरणीय प्रशासन की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अवैध रेत खनन, नदियों की फ्लडप्लेन से छेड़छाड़, बिना शोधन का सीवेज और औद्योगिक कचरा गंगा, गोमती, यमुना और हिंडन जैसी नदियों में बहाया जाना, बड़े पैमाने पर वृक्ष कटान और प्रदूषकों पर कमजोर कार्रवाई, ये सब संयोग नहीं, बल्कि नीतिगत लापरवाही और संरक्षण की राजनीति का परिणाम थे। डॉ. सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय



क्षति कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि कमजोर शासन और राजनीतिक संरक्षण की उपज थी। ऐसे में जिन दलों ने भ्रष्टाचार और पर्यावरण विनाश को संरक्षण दिया, उन्हें आज राष्ट्र को नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए।

### आतंकी हमलों पर विपक्ष का मौन, मानवता के विरुद्ध

अपने संदेशों में डॉ. राजेश्वर सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी नेतृत्व की चुप्पी पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवाल किया कि जब हनुक्का उत्सव के दौरान हुए आतंकी हमले में 15 निर्दोष लोगों की हत्या हुई और दर्जनों घायल हुए, तब इन दलों की संवेदनाएँ क्यों मौन हो गईं? उन्होंने कहा कि आतंकवाद की निंदा तत्काल, बिना शर्त और सार्वभौमिक होनी चाहिए, धर्म, भूगोल या वोट-बैंक देखकर नहीं। डॉ. सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, यह चुप्पी संवेदनशीलता नहीं, बल्कि चुनिंदा विवेक, वोट-बैंक राजनीति और नैतिक दिवालियापन को उजागर करती है। जब पीड़ित राजनीतिक समीकरण में फिट नहीं बैठते, तब संवेदना भी गायब हो जाती है और यही अवसरवादी राजनीति देश की सामुदायिक एकता और नैतिक नेतृत्व को कमजोर करती है।

### सनातन संस्कृति के विरुद्ध मौन एक राजनीतिक स्टैंड

सनातन धर्म और भारतीय सभ्यतागत पहचान के विषय पर बोलते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि देश यह भी देख रहा है कि कब राहुल गांधी जी या अखिलेश यादव जी ने सनातन धर्म को भारत की सभ्यतागत आत्मा के रूप में स्पष्ट रूप से स्वीकार किया? कब हिंदू मंदिरों के संरक्षण, पुनरुद्धार या धार्मिक कट्टरता के खुले प्रचार के विरुद्ध स्पष्ट, नाम लेकर निंदा की गई? उन्होंने कहा कि, मंदिर दर्शन और पूजा व्यक्तिगत आस्था हो सकती है, लेकिन सनातन, मंदिर संस्कृति और हिंदू संस्थानों पर मौन एक राजनीतिक स्टैंड है।

जब सत्ता सर्वोपरि हो जाती है, तब नैतिकता संतुलन, स्पष्टता ध्रुवीकरण और चुप्पी परिपक्व राजनीति कहलाने लगती है और यहीं से जनता का भरोसा टूटता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संदेशों के अंत में कहा कि राजनीति का उद्देश्य हर मुद्दे को वोट के तराजू पर तौलना नहीं, बल्कि देश, समाज और भविष्य की रक्षा करना होता है। आज देश चुप नहीं है, देश सवाल कर रहा है। रिकॉर्ड सार्वजनिक हैं, और इतिहास केवल भाषणों का नहीं, चुप्पियों का भी हिसाब रखता है।

# लविवि कुलपति ने परीक्षा का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के औचक निरीक्षण के लिए सीतापुर जिले के श्री कृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज एवं आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर का दौरा किया गया, निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस भ्रमण के दौरान कुलपति के साथ मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के प्रो. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ. कमर इकबाल, डॉ. प्रवीश प्रकाश एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# छात्रों को शारीरिक दिव्यांगता के लिए किया गया जागरूक

**लखनऊ।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा कर्नल्स एकेडमी स्कूल में जागरूकता एवं शारीरिक दिव्यांगता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्रों के द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें दिव्यांगता के लक्षण जैसे रीढ़ की हड्डी, जेनु वैल्गम, धनुजार्नु (जेनु वेरम), फुटफ्लैट, एलएलडी, सेरेब्रल पाल्सी, टेलिप्स इक्विनस, बाउटोनीयर, क्यूबिटस वैल्गस एवं पैर की संरचनात्मक विकृतियों का विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें पहचानने के तरीके बताए गए। साथ मे विद्यालय में उपस्थित सभी छात्रों का परीक्षण किया, जिसमें से 150 छात्रों में से 41 छात्रों में विकृतियां के लक्षण पाए गए। उन सभी 41 छात्रों मे फ्लैट फूट के लक्षण पाए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. संजय सिंह के संरक्षण में रोहित सिंह, कुलसचिव प्रो. वीके सिंह, अधिष्ठाता, पैरामेडिकल एवं रिहैबिलिटेशन संकाय के मार्गदर्शन में डॉ. रणजीत कुमार, कार्यशाला प्रबंधक, कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा संयोजन तथा असिस्टेंट प्रोफेसर कुमरपाल सिंह और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गार्गी खरे, के समन्वयन में संपन्न हुआ। सर्वोदय विद्यालय की प्राचार्या राधिका वर्मा एवं प्रबंधक अनुराग पटेल एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें। जिन विद्यार्थियों में लक्षण दिखाई दिए उन्हें प्रारंभिक उपचार के लिए कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में बुलाया गया।



# नाबालिग छात्रा को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर से बीते दिनों कक्षा 10 की छात्रा को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र से बरामद कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस पीड़ित किशोरी को तीन दिन पहले ही बहराइच से बरामद कर चुकी है। बताते चलें कि सरोजनी नगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बीती 28 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 नवंबर की सुबह कक्षा 10 में पढ़ने वाली उसकी 15 वर्षीया बेटी घर से पढ़ने के लिए स्कूल गई। लेकिन छुट्टी के बाद दोपहर 3 बजे तक भी वापस नहीं लौटी। बाद में काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। महिला का कहना था कि खोजबीन के दौरान उसे जानकारी हुई कि सरोजनी नगर के गहरु गांव में रहने वाला भीम रावत नामक युवक उसे बहला फुसला कर अपने साथ कहीं लेकर चला गया है।



सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति के मुताबिक मामले की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश की जा रही थी। तभी सर्विलेंस के जरिए किशोरी के बहराइच में होने की जानकारी हुई। तब 15 दिसंबर को वहां पहुंची पुलिस ने किशोरी को एक किराए के कमरे से बरामद कर लिया। जबकि आरोपी वहां नहीं मिला। बाद में किशोरी को लाकर थाने पर पूछताछ की गई। तब उसने बताया कि आरोपी भीम रावत उसे बहला फुसलाकर पहले लुधियाना ले गया। जहां कुछ दिन रखने के बाद उसे लेकर बहराइच चला गया। इस दौरान आरोपी ने छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। यह जानकारी होने के बाद पुलिस ने पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ उसके 364 के बयान दर्ज कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया और आरोपी भीम के खिलाफ मामले में दुष्कर्म व पाक्सो की धारा बढ़ाते हुए उसकी तलाश में जुट गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि गुरुवार को भीम अपने घर वालों से मिलने आया था। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भीम किसान पथ स्थित गहरु अंडरपास के पास मौजूद है। सूचना के बाद पहुंचे उप, निरीक्षक उपेंद्र यादव, और उप, निरीक्षक अंकित बालियान ने उसे मौके से धर धबोचा। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बिजली कनेक्शन व स्मार्ट मीटर की दरों पर हुई सुनवाई

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बिजली कनेक्शन की नई दरों के निर्धारण को लेकर गुरुवार को विद्युत नियामक आयोग ने सुनवाई की प्रक्रिया किया। इस दौरान नई कास्ट डाटा बुक व स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दरों को लेकर पावर कारपोरेशन और उपभोक्ता परिषद के बीच खासी बहस हुई।

पावर कारपोरेशन ने सिंगल फेस स्मार्ट प्रीपेड मीटर के एवज में कई दूसरे राज्यों का हवाला देते हुए 6016 रुपये की अपनी रेट को वाजिब ठहराया जबकि उपभोक्ता परिषद ने इसे 2500 रुपये तय किए जाने की मांग की। बैठक में पावर कारपोरेशन की ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दरों को नियामक आयोग से अनुमोदित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव आयोग ने सिंगल फेस का 2800 रुपये और 3 फेज का 4100 रुपये प्रस्तावित किया है, वह बहुत कम है। असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु व वेस्ट बंगाल में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कास्ट 5200 से लेकर 6325 रुपये के बीच है।

आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर पावर कॉरपोरेशन द्वारा लगाया जा रहा है। आयोग के रुख को देखते हुए कारपोरेशन को सफलता मिलने की संभावना कम ही हैं। विद्युत नियामक आयोग की इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब-कमेटी की बैठक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता व सदस्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में हुई। वर्तमान विद्युत उपभोक्ताओं से कोई भी पैसा वसूल नहीं किया जा रहा है केवल नए कनेक्शन पर पैसा लिया जा रहा है। सप्लाई को रिव्यू पैनल के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि जिन राज्यों की तुलना पावर कॉरपोरेशन कर रहा है, वहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कास्ट में इंफ्रा कास्ट भी जुड़ी हुई है।

इंफ्रा कॉस्ट पर उपभोक्ताओं से वसूली का मतलब उपभोक्ताओं को इंफ्रा का मालिक बनाना पड़ेगा। ऐसे में केवल मीटर की कास्ट की बात होनी चाहिए। राजस्थान में आज भी मीटर की कास्ट 2500 रुपये सिंगल फेस और थ्री फेस दोनों की है।

उत्तर प्रदेश में उपभोक्ता परिषद ने पहले ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर जिन कंपनियों को दिया गया है, उनकी इनवॉइस निकाल कर आयोग के सामने रख दिया है, जिसमें रुपया 2630 से 2800 के बीच कास्ट आ रही है। ऐसे में अधिक वसूली कोई कैसे कर सकता है। काफी बहस के बाद पूरा मामला विद्युत नियामक आयोग के पाले में चला गया है।

# चलती कार में लगी आग, कार सवारों ने कूद कर बचाई जान

## पीजीआई कोतवाली क्षेत्र की घटना



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहीद पथ के किनारे सर्विस लेन साउथ सिटी के पास, गुरुवार दोपहर एक वेन्यू कार में चलती हालत में अचानक आग लग गई। अचानक लगी भीषण आग से उसमें सवार लोग घबरा गए, किसी तरह गेट खोल कर कूद कर जान बचाई। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीजीआई फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक पूरी तरह से जल गई। जानकारी के मुताबिक कार कलीम चला रहे थे, और उसके साथ ही कार मालिक खुर्रम आसिफ मौजूद थे। कार का नम्बर (यूपी 32 एलई 5276) हैं। आग लगने से आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया। और कुछ देर के लिए सर्विस लेन पर आवागमन बाधित रहा।

# प्रख्यात पखावज वादक डा.राज खुशीराम पंचतत्व में विलीन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** अयोध्या घराने के वरिष्ठ एवं प्रख्यात पखावज वादक डॉ. राज खुशीराम का आज बैकुण्ठ नाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। लगभग 72 वर्षीय डा.राज प्रसार भारती के टाप ग्रेड आर्टिस्ट और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पखावज के शिक्षक थे। वे कई दिनों से अस्वस्थ थे और सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें मंगलवार को मेडिकल कॉलेज दिखाया गया। इसके बाद वे गोमतीनगर स्थित अपने आवास लौट गये। तबीयत में सुधार न होने पर बुधवार रात उनका देहांत हो गया। पार्थिव शरीर को पहले गोमतीनगर आवास से पूर्व आवास और दुकान के नजदीक अमीनाबाद हनुमान मंदिर के सामने दर्शनार्थ रखा गया, फिर अंतिम यात्रा घाट पहुंची। मुखाग्नि भतीजे मुनीश खुशीराम ने दी।

डॉ. राज खुशीराम अयोध्या घराने के महान पखावज आचार्य स्वामी पागल दास के शिष्य थे। वे लखनऊ घराने के सुप्रसिद्ध कथक गुरु पंडित लच्छू महाराज की पटशिष्या, विख्यात कथक नृत्यांगना कपिला राज के पति थे। वे भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पखावज के अतिथि शिक्षक के रूप में भी सेवाएं दे रहे थे। उनकी पत्नी और पुत्र का निधन पहले ही हो चुका है। उनके निधन पर कला एवं संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई। भारतीय शास्त्रीय संगीत में अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें कई सम्मान मिले, जिनमें उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी अवार्ड, वाराणसी के अंतरराष्ट्रीय ध्रुपद मेला (स्वर्ण जयंती वर्ष) में मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रमुख है। अंतिम संस्कार में परिवारीजन के साथ कानपुर से गायक पं.विनोदकुमार द्विवेदी, अयोध्या से गुरुभाई राजकुमार झा, भाषा पंत, ज्योति किरन, राममोहन महाराज, कमलेश दुबे, हेम सिंह, रत्नेश मिश्र, सुरेन्द्र आर्य, कला समीक्षक राजवीर रतन शिष्य प्रसन्ना, अश्वित आदि बड़ी संख्या में कला जगत के लोग उपस्थित थे। उनका शांति पाठ 20 दिसम्बर को सुबह साढ़े दस बजे निवास स्थान कपिला कुंज 5/19, विरामखंड निकट हुसड़िया चौराहा जीवन प्लाजा गोमतीनगर में होगा। जयपुर की ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने कहा, उन्होंने जीवन भर ईश्वर की आराधना और संगीत साधना पखावज के माध्यम से की। उनका वादन सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

## यूपी एसएनए में हुई शोक सभा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी परिसर में गुरुवार 18 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पखावज वादक डा.राज खुशीराम की स्मृति में शोक सभा हुई। इसमें अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत और अकादमी निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर की उपस्थिति में शोक सभा कर उन्हें दो मिनट मौन रह कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्कृति मंत्री जी द्वारा भी दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

# अनियंत्रित कार की चपेट में आये तीन मजदूर, एक की मौत




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर एच में बुधवार शाम एक कार अनियंत्रित हो आग ताप रहे तीन मजदूरों को चपेट में लेते हुए सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसी थी।

कार की चपेट में आ चोटिल हुए तीन मजदूरों को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया था जहां इलाज दौरान देर रात एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गुरुवार को मृतक की पत्नी की शिकायत पर गाड़ी नंबर आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच में एक निमार्णाधीन कांप्लेक्स में मजदूरी कर रहे विलासपुर छत्तीसगढ़ के तीन मजदूर अपने परिवार संग कॉम्पलेक्स के बाहरी हिस्से में ईट खड़ंजे से कच्चे घर बनाकर निवासरत है। बुधवार शाम मोड पर एक अनियंत्रित कार हो गई और तीन मजदूर को अपने चपेट में लेते हुए फुटपाथ किनारे एक सब्जी पान मसाले की दुकान में जा घुसी। इस हादसे के बाद घायल मजदूरों को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में इलाज दौरान देर रात राधेश्याम साहू (35) पुत्र सत्यम साहू मूलनिवासी बेमसतारा छत्तीसगढ़ की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी मुनेश्वरी के अनुसार उसके परिवार दो बेटी पायल और रूबी व एक बेटा कोमल साहू है जो गांव में अपने दादा दादी के पास रहते है और दंपत्ति लखनऊ में रहकर मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार गाड़ी नंबर से वाहन स्वामी के रूप में सुनील कश्यप पुत्र बबलू कश्यप निवासी सेक्टर एफ एलडीए कालोनी प्रकाश में आया है। मृतक की पत्नी की शिकायत पर कार को कस्टडी में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और कार की चपेट में आए बाकी मजदूरों दिलीप कुमार व जयपाल उर्फ ढोकलू का उपचार अस्पताल में भर्ती कर किया जा रहा है।

## नाका में छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। नाका इलाके में दसवीं के छात्र ने घर के कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। नाका के कायमखेड़ा निवासी 15 वर्षीय अंश शर्मा एक निजी कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। उसके ताऊ अवधराम ने बताया बुधवार को ठंड के चलते अंश स्कूल नहीं गया था। उसके पिता घनश्याम मजदूरी के लिए गए थे। दोपहर उसकी मां स्मिता जब कमरे में पहुंची तो अंश को मफलर के सहारे फंदे से लटकता देखा। बेटे को इस तरह देख उनकी चीखें निकल गईं। परिजनों ने अंश को फंदे से उतार कर ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र की मोतीनगर पुलिस चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार तिवारी ने बताया की अंश की मौत के बाद उसके परिजन ट्रामा सेंटर से शव लेकर घर चले गए थे। घटना का पता चलने पर पुलिस टीम ने घर से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# समाज की आत्मा है लोकाचार : कौशिक चैतन्य

● संस्कारों पर केन्द्रित दो दिवसीय लोक विमर्श का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार




**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा संस्कारों पर केन्द्रित दो दिवसीय लोक विमर्श का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने लोक संस्कृति संरक्षण विषय पर गहन विमर्श किया।

मुख्य अतिथि चिन्मय मिशन के प्रमुख आचार्य कौशिक चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि संस्कार ही व्यक्ति, परिवार और समाज को दिशा देते हैं तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के बिना समाज की आत्मा सुरक्षित नहीं रह सकती। उन्होंने तकनीकी प्रगति के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की डीन प्रो. शीला मिश्रा ने कहा कि आधुनिक विज्ञान और परंपरा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे की पूरक हैं। संस्कार मानव व्यक्तित्व के वैज्ञानिक एवं नैतिक निर्माण का आधार हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में कला मर्मज्ञ शाखा वन्द्योपाध्याय ने कहा कि लोक संस्कृति केवल अतीत की स्मृति नहीं बल्कि वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाली जीवंत परंपरा है। इसके संरक्षण के लिए समाज की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

सांस्कृतिक सत्र में नृत्य-प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि तकनीक के विकास के साथ समाज भले ही हाईटेक हो रहा हो, किंतु अपने सांस्कृतिक जड़ों को भूलना आत्मविस्मृति के समान है। हमारी जड़ें ही हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारे जीवन का आधार हैं। संगीत भवन की निदेशक निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में प्रस्तुत इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सौम्या, सुमन, स्मिता, शुभ्रा, सान्वी, वान्या, पूजा, माधुरी सोनी, प्रवीण गौर, शीर्षा, अविका, आद्रिका, अव्युक्ता, अथर्व, नूपुर, कर्णिका, दीपिका, विनीता आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर कठपुतली कलाकार नौशाद को जे.पी.लम्बोदर स्मृति लोक संस्कृति सम्मान से विभूषित किया गया। उन्होंने कठपुतली के माध्यम से गुलाबो-सिताबो की लड़ाई भी दिखाई। लोक संस्कृति शोध संस्थान के अध्यक्ष इंजी. जीतेश श्रीवास्तव ने अतिथियों एवं कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोक विमर्श का उद्देश्य भारतीय समाज में संस्कार परंपरा के क्षरण पर विमर्श करते हुए उसके पुनरुद्धार की दिशा में वैचारिक एवं सांस्कृतिक संवाद को आगे बढ़ाना है। वाणी वन्दना देश के प्रख्यात कवि कमलेश मौर्य मृदु ने की।

संचालन मुख्य संयोजक अर्चना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, प्रकाशन अधिकारी डॉ. एस.के. गोपाल, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्त, ज्योति किरन रतन, नैमिष सोनी, कृष्णा सिंह, राहुल वर्मा, बबलू यादव आदि की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ लोक गायिका विमल पन्त, आशा श्रीवास्तव, अलका प्रमोद, डॉ. करुणा पाण्डेय, आईटी कालेज हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रो. नीतू शर्मा, डीएवी कॉलेज के हिन्दी विभाग के प्रो. अजीत प्रियदर्शी, जयपुरिया मैनेजमेंट कालेज की डा. आभा दीक्षित, दीपा सिंह रघुवंशी, जितेन्द्र मिश्र टीटू, जादूगर सुरेश कुमार, एसपी साहू, सौरभ कमल सहित साहित्यकारों, शिक्षाविदों, कलाकारों, शोधार्थियों एवं लोक संस्कृति प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# हिन्दी संस्थान में शराब पीने वाला प्रधान सहायक निलंबित

लखनऊ। हजरतगंज स्थित उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान परिसर में शराब पीने के मामले में प्रधान सहायक सुरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया। पांच दिसंबर को वॉयस ऑफ लखनऊ ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसका संज्ञान लेकर संस्थान निदेशक ने निलंबन की कार्रवाई की है। साथ ही विभागीय कार्रवाई के लिए एक जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। हिन्दी संस्थान परिसर में शराब पीते हुए कर्मचारियों का एक वीडियो वायरल हुआ था। साथ ही मामले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची थी। शिकायतकर्ता का आरोप था में अक्सर कर्मचारी कार्यालय में खुलेआम बैठकर शराब पीते हैं। हिन्दी संस्थान के निदेशक मनीष चौहान ने प्रधान सहायक सुरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। इस मामले की विभागीय जांच के लिए निदेशक मनीष चौहान ने संस्थान के वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी जांच अधिकारी नामित किया है। निर्देश दिया है कि मामले की जांच कर एक सप्ताह के भीतर आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करें।

# पं. साजन मिश्र के शास्त्रीय गायन व नृत्य ने समां बांधा

## भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में शताब्दी समारोह का शुभारंभ





अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में शताब्दी वर्ष समारोह का भव्य शुभारंभ के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पद्मभूषण पं. साजन मिश्र ने अपनी सुमधुर शास्त्रीय गायकी राग देसी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

वहीं सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या में पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के शिष्यों द्वारा विशेष नृत्य-प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से श्री राम एवं केवट के बीच प्रसंग का प्रस्तुतिकरण के साथ दशावतार ओड़िशी नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें श्री हरि के मत्स्य अवतार से लेकर कल्कि अवतार को प्रदर्शित किया तत्पश्चात पद्मविभूषण उस्ताद अमजद अली खाँ ने अपने पुत्रों अयान अली बंगश एवं अमान अली बंगश के साथ सरोद वादन की अविस्मरणीय प्रस्तुतियों में राग झिंझोटी में जोड़ झाला की तानों एवं राग रागेस्वरी पर सरोद वादन से समारोह को संगीतात्मक ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

## संक्षेप

### धुंध के कारण दिन भर नहीं हुए सूर्य के दर्शन ठंड से कांपते रहे लोग

बीघापुर, उन्नाव। दिन भर कोहरा धुंध आस मान में छाए होने के कारण सूर्य देव के दर्शन लोगों को नहीं हुए ठंड के कारण लोग दिनभर आग तापते रहे तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में भोर पहर से ही धुंध कोहरा आसमान में छाए होने के कारण सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए ठंड अधिक बढ़ जाने से लोग ठंड से राहत के लिए गावो कस्बों में आग तापते रहे कस्बों चौराहों में प्रतिदिन की अपेक्षा काफी कम संख्या में लोग दिखाई दिए जहां प्रतिदिन कस्बा एवं चौराहों बाजारों में चहल-पहल लोगों की बनी रहती थी वही उसके अपेक्षा काफी कम संख्या में लोगों की भीड़ दिखाई दी बुजुर्ग व्यक्ति लोग घर सेबाहर नहीं निकले अलाव की व्यवस्था चौराहों पर नहीं होने के कारण लोग कांपते रहे।

### विधायक खेल स्पर्धा आगामी 20 को

कैसरगंज, बहराइच। विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन आगामी 20 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे से कैसरगंज स्थित रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय निकट खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनम्र शुक्ला ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासन के दिशा निदेशों में उक्त विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन कैसरगंज तहसील मुख्यालय पर स्थित रामकृष्ण परमहंस निकट खेल के मैदान पर किया जाएगा। उक्त खेलों में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन, कबड्डी, 100 मी, 200 मी, 800 मी, 1500 मी दौड़, गोला फेक, डिस्क थ्रो आज का आयोजन किया जाएगा। उक्त खेलों में सभी वर्ग के लोग प्रतिभागी कर सकते हैं। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से उक्त खेलों में सम्मिलित होकर प्रतिभाग करने की अपील की है।

### घर पर शौचालय होता तो बच सकती थी किशोरी की जान

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के हुलासीखेडा गांव में किशोरी की हत्या कर शव फेंकने के मामले में ग्रामीण जिम्मेदारों अधिकारियों को दोषी ठहरा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतका के दिव्यांग पिता को न आवास मिला न शौचालय यदि उसके घर में शौचालय होता तो वह शौंच क्रिया के लिये बाहर न जाती और उसकी जान बच जाती। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव जैसे ही गांवपहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया। उसका अंतिम संस्कार दो बजे बक्सर घाट पर किया गया। पुलिस तहरीर में नामजद आरोपित से पूछताछ में जुटी है बिहार थाना क्षेत्र के हुलासीखेडा गांव निवासी देशराज की 14 वर्षीय बेटी का शव गांव के बाहर एक खेत में पडा मिला था। उसी का दुपट्टा उसी के गले में कसा होने सेपरिजनों ने गांव के ही युवक अमरजीत को नामजद कर तहरीर दी थी। हालांकि पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान शक की सुई पूरी तरह आरोपित पर ही घूम रही है। पुलिस अभी पूछताछ का हवाला देते हुये जल्द खुलासे की बात कह रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवती की मौत गला घोंटने से होने की पुष्टि हुई है। बुधवार को मृतका का अंतिम संस्कार पुलिस मुस्तैदी में बक्सर घाट पर किया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएं है। हालांकि युवक रिश्ते में मृतका का चचेरा भाई है। बिहार थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि आरोपित युवक से पूछताछ तो की जा रही है इसके साथ ही मामले के अन्य पहलू से भी जांच कर जल्द खुलासे के प्रयास किये जा रहा है।

## नगर पालिका के ठेका सफाई कर्मियों ने वेतन भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद के ठेका सफाई कर्मियों ने बीते दो माह के वेतन भुगतान को लेकर आज पालिका भवन परिसर में प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों के साथ नगर पालिका के कई सभासद भी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने पालिका अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी मुरादाबाद के नारे लगाए। आंदोलनकारियों का उग्र रूप देख ईओ ने सफाई कर्मियों को अपने केबिन में बुलाया और जल्द ही वेतन भुगतान का आश्वासन दिया। तब जाकर सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन समाप्त किया। आर्यन ग्रुप संस्था लखनऊ से संबद्ध कुल 73 सफाई कर्मियों ने आज पालिका भवन परिसर में प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों ने अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता से बीते अक्टूबर और नवंबर के वेतन का भुगतान अविलंब किए जाने की मांग उठाई। इस पर ईओ ने सफाई कर्मियों को अपने कक्ष में बुलाकर उन्हें धन की व्यवस्था होते ही वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया।



प्रदर्शन में संतोष, शुभम, सुमित, अनिल, विशाल, सोहन, सुदीप, रेखा, राधा, तुलसी, ऊषा, रामकुमार, सावन, नकुल, राम व रवि आदि सभी ठेका सफाई कर्मचारी और सभासद शामिल हुए गौरतलब है कि बीते दो वर्षों से नगर पालिका परिषद में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता और सभासदों के बीच काफी दिनों से खींचातान चल रही है। अधिकांश सभासद नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता की कार्यशैली को लेकर सभासदों द्वारा आए दिन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। अभी हाल मे ही नगर के प्रमुख मार्ग उन्नाव हरदोई रोड के किनारे नौनिहाल गंज बाजार में निर्माणाधीन नाला सड़क से ऊंचा बनाए जाने के विरोध में सभासदों ने शनिवार को पालिका कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया गया। सभासदों का कहना था कि नाला सड़क से ऊंचा बनने से नौनिहाल गंज बाजार सहित कई मोहल्लों में भीषण जलभराव उत्पन्न हो जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी तथा ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सभासदों ने बताया था कि पालिका प्रशासन द्वारा नगर के लखनऊ मार्ग चौराहा से स्टेशन रोड तक पक्के नाले का निर्माण कराया जा रहा है। किंतु ठेकेदार द्वारा नाला मुख्य मार्ग उन्नाव हरदोई रोड से ऊंचा बनाया जा रहा है। जिससे नौनिहाल गंज बाजार और चूड़ी वाली गली सहित कई मोहल्लों में बरसाती और घरों से निकले गंदे पानी का भराव उत्पन्न हो जाएगा। साथ ही सड़क का पानी भी बहकर नाले में नहीं जा पाएगा। ऐसी स्थिति में डामरीकृत मार्ग के बार-बार ध्वस्त होती रहेगी। सभासदों ने पालिका प्रशासन से पक्के नाले का निर्माण सड़क से नीचे रखें जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में आनन्द अर्कवंशी, शिवदेवी अर्कवंशी, पटेल नगर सभासद गीता रानी अर्कवंशी, नासिर सभासद, कृष्णा बाजपेई, अनिल लोधी, राहुल शुक्ला, आशीष कुमार, सुनील गौतम, हफीज, मोहम्मद आफाक, राम, वीरपाल, सूरजबली आदि सभासद शामिल रहे थे। इसके अलावा काफी दिनों से कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिनमें सभासद पालिका अध्यक्ष के ऊपर गंभीर वित्तीय अनियमितता करने तथा भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। कुल मिलाकर बीते दो वर्षों से नगर पालिका परिषद में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है। पालिका अध्यक्ष और सभासदों के बीच चल रही खींचतान से नगर का विकास तो बाधित हो ही रहा है , साथ ही आम जनता के कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं।

## मीडिया कर्मियों का जमावड़ा 29 को मीडिया चैंपियनशिप




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पी लाईव मीडिया ग्रुप की ओर से मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया चैंपियनशिप नाम का अनोखा आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी कर्मचारियों को एक साथ जोड़कर खेल का आयोजन किया जायेगा । जहां खिलाड़ी बैडमिंटन, शतरंज, रस्साकसी, भाला फेक, गोला फेक, 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मी तथा 400 मीटर दौड़ सहित खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे, कार्यक्रम की शुरूआत मशाल दौड़ के साथ होगी उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विकास सिंह ठाकुर एवं सह आयोजक सोनू श्रीवास्तव ने दी।

कार्यक्रम आयोजक विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों के लिए एक अनूठा आयोजन मीडिया चैंपियनशिप के प्रथम संस्करण का मुख्य आयोजन 29 दिसंबर को स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में दिन सोमवार को होगा जहां अतिथि के रूप में कई लोगों के पहुंचने की संभावना है जानकारी देते हुए बताया कि इस खेल आयोजन में कल 12 जिलों के पत्रकार खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें से उन्नाव लखनऊ कानपुर कानपुर देहात इटावा मैनपुरी औरैया बाराबंकी रायबरेली हरदोई सीतापुर और बदायूं के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जहां इस खेल आयोजन को कर विशेष कई आयुवर्ग में भी बांटा गया है प्रथम 18 से 30 वर्ष तक द्वितीय आयु वर्ग 31 से 45 तृतीय आयु वर्ग 46 से 60 तथा चौथा आय वर्ग 60 वर्ष से अधिक होगा विजेताओं को हुआ भाग लेने वाले व्यक्तियों को प्रमाण पत्र पदक व टी शर्ट की व्यवस्था की गई है एवं आयोजन के समय नाश्ता पानी की भी व्यवस्था होगी। कार्यक्रम में सभी पत्रकार गण अपना सहयोग करेंगे । उन्होंने बताया कि भाग लेने के लिए फॉर्म 20 तारीख से उपलब्ध होंगे जो की सफीपुर में कमलेश गुप्ता से प्राप्त किया जा सकेंगे एवं अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9598 9900 67 पर भी संपर्क किया जा सकता है

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी वैभव द्विवेदी कृष्णा, कमलेश गुप्ता, जुहैर अहमद, नागेंद्र सिंह सेंगर, कुंवर बृजेंद्र सिंह, मोनू तिवारी, हरिपाल सिंह विक्रम सिंह अजय ठाकुर शिवबक्श सिंह सहित लोग उपस्थित रहे।

## घने कोहरे के चलते जारी की गई एडवाइजरी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद उन्नाव पुलिस ने शीत ऋतु में लगातार बढ़ रहे घने कोहरे और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात संबंधी एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने और दिशा-निदेशों का पालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि कोहरे के कारण दृश्यता अत्यंत कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन की गति नियंत्रित रखना महत्वपूर्ण है। तेज गति से वाहन चलाना दुर्घटना का एक बड़ा कारण बन सकता है। पुलिस ने वाहन चालकों को फॉग लाइट का सही प्रयोग करने, हेडलाइट को लो-बीम पर रखने और अत्यधिक कोहरे की स्थिति में इमरजेंसी इंडिकेटर का उपयोग करने की सलाह दी है।इसके अतिरिक्त, पुलिस ने आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, बार-बार लेन बदलने से बचने और कोहरे के दौरान ओवरटेकिंग न करने की अपील की है। एडवाइजरी में यह भी निर्देश है कि यदि कोहरा अत्यधिक घना हो और दृश्यता बेहद कम हो, तो जोखिम उठाने के बजाय सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर कोहरा छंटने की प्रतीक्षा करें। सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगवाने को कहा गया है, ताकि कोहरे में वाहनों की पहचान आसानी से हो सके। इसी क्रम में, जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविंद कुमार चौरसिया के साथ थाना अजगैन क्षेत्रांतर्गत नवाबगंज टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शीत ऋतु में घने कोहरे के कारण संभावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाना था। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने टोल प्रशासन एवं प्रभारी निरीक्षक अजगैन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि कोहरे के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ाने के लिए सभी भारी एवं हल्के वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। इस दौरान मौके पर ही कई वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए।

## ठंड से बचाव के लिए गरीब असहाय लोगों को डीएम व एसपी ने बाटे कंबल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शीत लहर के प्रकोप के मद्देनजर जिला प्रशासन ने बुधवार शाम जरूरतमंदों के लिए राहत कार्य किया। जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास बेसहारा और जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और कंबल वितरित करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि शीत लहर के दौरान खुले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और फुटपाथों पर रहने वाले असहाय लोगों को ठंड से बचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कंबल वितरण के साथ ही, अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में निरंतर अभियान चलाकर जरूरतमंदों की पहचान की जाए और उन्हें समय पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शीत ऋतु में कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। इसमें रैन बसेरों की व्यवस्था, अलाव जलाना और कंबल वितरण जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस विभाग भी इस अभियान में सक्रिय है, संवेदनशील स्थानों पर गश्त कर जरूरतमंदों को चिन्हित कर प्रशासन को सूचित कर रहा है। कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर राहत और संतोष का भाव दिखा। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं कोई बेसहारा या असहाय व्यक्ति ठंड से प्रभावित दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें। इससे समय रहते उन्हें सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने पार कर दिया लाखो के जेवरात



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर में बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज रोड पर स्थित आर्यन ज्वेलर्स की दुकान में ताला काट कर अज्ञात चोरों ने चांदी के बच्चों के कंगन व 10 ग्राम सोना चुरा ले गए।सुबह आस पास के लोगों ने दुकानदार को चोरी की सूचना दी।दुकान मालिक सुंदर स्वर्णकार पुत्र पुष्पराज स्वर्णकार निवासी थाना बिठूर जिला कानपुर नगर ने कोतवाली सफीपुर में प्रार्थना पत्र दिया है।इस संबंध में सफीपुर थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जिसकी गहनता से जांच कर कार्यवाही की जा रही हैं।बिठूर निवासी सुंदर स्वर्णकार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चांदी की बच्चों के खडुआ तथा कंगन आदि व 10 ग्राम लगभग सोने के आभूषण नाक की कील आदि चोरी हुए हैं। बर्तन की दुकान के साथ ही कुछ आभूषण आज रखता था जिसमें आर्टिफिशियल आभूषण भी रखने की जानकारी है।

## छाया कोहरा जन जीवन बुरी तरह हुआ प्रभावित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। जिले भर में तड़के से ही घने कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता घटकर मात्र 20 मीटर रह गई। वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और वाहन धीमी गति से रेंगते हुए चलते दिखे। बुधवार की तुलना में गुरुवार का मौसम अधिक ठंडा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार सुबह जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय लगभग 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलीं, जबकि आर्द्रता का स्तर 69 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिससे ठंड और कोहरे का प्रभाव और बढ़ गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक घने कोहरे की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे का सबसे अधिक असर नेशनल हाईवे 27 और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर देखा गया। इन मार्गों पर ट्रक, बस, कार और दोपहिया वाहन बेहद धीमी गति से चल रहे थे। कई स्थानों पर चालकों को आगे का रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था, जिसके कारण उन्हें हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर सावधानीपूर्वक यात्रा करनी पड़ी। कोहरे के कारण कुछ जगहों पर हल्का जाम भी लगा रहा। रेल यातायात भी कोहरे से प्रभावित हुआ। घनी धुंध के चलते ट्रेनों की रफ्तार कम कर दी गई, जिससे कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी देरी से चलीं। ऊंचाहार एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, रायबरेली पैसेंजर और गोमती एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के यात्रियों को घंटों प्लेटफॉर्म पर इंतजार करना पड़ा। ठंड और कोहरे के बीच यात्रियों को काफी असुविधा हुई। वही डीएम गौरांग राठी ने कक्षा 1-8 तक स्कूलों का समय बदला है जो कि सुबह 10 बजे से 3 बजे तक खुलेंगे। घने कोहरे और ठंड के कारण आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। सुबह के समय बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। लोग केवल आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकले। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भी कोहरे के कारण देरी का सामना करना पड़ा। सावधानी बरतने की अपील की गई है। अधिकारियों ने कहा है कि कोहरे के दौरान तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं, सुरक्षित दूरी बनाए रखें और लाइट का प्रयोग अवश्य करें। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड और कोहरे से राहत मिलने की संभावना कम है और आने वाले दिनों में भी लोगों को इसी तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

## एसपी ने थाना परिसर का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह द्वारा बुधवार शाम थाना अजगैन का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सबसे पहले थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्पडेस्क तथा सीसीटीएनएस कक्ष का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की प्रविष्टियों को बारीकी से जांचा गया और रिकॉर्ड के अद्यतन होने की स्थिति का अवलोकन किया गया। महिला हेल्पडेस्क एवं मिशन शक्ति केन्द्र पर महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया की भी समीक्षा किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी अजगैन सुरेश सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के



त्वरित निस्तारण एवं जनजागरूकता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी हसनगंज अरविन्द कुमार चौरसिया भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ठंड को देखते एसडीएम ने मातहतों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार



पुरवा-उन्नाव। घने कोहरे और बढ़ती सर्दी के प्रकोप के चलते एसडीएम ने मातहतों की बैठक कर अलाव जलाने व रैन बसेरा की व्यवस्था परखने के निर्देश दिए। बीती रात को एसडीएम व तहसीलदार ने रात्रि में गस्त करके जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया था। गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने अपने कार्यालय में बैठक कर रैन बसेरा व अलाव के उपयुक्त स्थानों के चिन्हांकन की जानकारी ली और समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी, नायब तहसीलदार, समस्त राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम ने अलाव व रैन बसेरा के संबंध में बैठक की। क्षेत्र में अब तक कुल 22 स्थल चुने गए हैं जिनमें अलाव जलाए जाने के सख्त निर्देश दिए। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि शाम 6 बजे से अलाव जला दिए जाएं। औचक निरीक्षण किया जाएगा। रैन बसेरा पुरवा व मौरावां में है। ये भी व्यवस्थित हैं। कड़कड़ाती सर्दी में पात्रों को कंबल वितरित किए जाएं। सर्दी से किसी की मृत्यु नहीं होनी चाहिए।कोहरे के दृष्टिगत दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के संबंध में पीडब्ल्यूडी को पत्राचार किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि स्पीड ब्रेकर बनवाए व साइड में रेडियम स्ट्रिप लगवाएं तथा स्पीड की अधिकतम सीमा के साइन बोर्ड लगवाएं। कस्बा के मिर्री चौराहा, डेला मोड़ के पास, मुख्य मार्ग के विद्यालयों के आसपास, कालूखेड़ा समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस के कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर ₹विकसित भारत जी राम जी₹ किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। बुधवार को गांधी चौक (मिश्रा कॉलोनी) में हुए इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी इस योजना का नाम बदलने को राष्ट्रपिता का अपमान बताया। नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी ने कहा कि मौजूदा सरकार को महात्मा गांधी से नफरत है, तभी राष्ट्रपिता के नाम से चल रही महत्वपूर्ण योजना का नाम बदला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के पास अपनी कोई नई योजना नहीं है और वह कांग्रेस सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं का केवल नाम बदलकर श्रेय लेने का काम कर रही है। बाजपेयी ने मनरेगा का नाम बदलना महात्मा गांधी की विरासत पर सीधा हमला बताया, जिसे कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। नगर महासचिव पिंटू तिवारी ने कहा कि सरकार बदले की भावना से काम कर रही है और अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे फैसले ले रही है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने भी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की मंशा पूरी योजना को खत्म करने की है, नाम बदलना सिर्फ एक बहाना है। इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष मयंक बाजपेयी, बाबूलाल गुप्ता, संजय सिंह, पिंटू तिवारी, विश्वनाथ दास, बुद्धिलाल, रामकिशोर पाल, विचित्र वीर सिंह, संजय दीक्षित, मो. हनीफ, महेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुत्तीलाल वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किसानों को खाद न मिलने की समस्या को लेकर भी आवाज उठाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान खाद के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने सरकार से तत्काल खाद की किल्लत दूर करने की मांग की। इस अवसर पर जिले के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हर प्रसाद कुरील को श्रद्धांजलि भी दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में रवि शंकर गुप्ता, जयपाल साहू, डब्बू श्रीवास्तव, इलू गुप्ता, गणेश वर्मा, राजेश रावत, मुन्ना सोनी, अनिल शुक्ला, शोभित गुप्ता, ओम शरण तिवारी समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित एबीनगर मोहल्ले में बुधवार देर रात एक युवक ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।जानकारी के अनुसार, डीएसएन कॉलेज रोड स्थित एबीनगर मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय नीरज शुक्ल, पुत्र स्वर्गीय कृष्ण मोहन शुक्ल, बुधवार शाम परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में चले गए थे। परिजनों का कहना है कि रात में किसी तरह की कोई संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आई और सभी अपने-अपने काम में व्यस्त थे। गुरुवार सुबह काफी देर तक जब नीरज के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। कई बार आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा खोला गया, तो नीरज का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड गए। घरमें चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। घटना की सूचना तत्काल सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने कमरे की स्थिति, फंदे और आसपास के हालात की जांच की। इसके बाद शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।परिजनों ने पुलिस को बताया कि नीरज शुक्ल शराब पीने के आदी थे और अक्सर शाम के समय नशे की हालत में घर लौटते थे। परिवार के सदस्यों के मुताबिक, इसी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान रहते थे।हालांकि परिजनों ने किसी भी व्यक्ति पर रंजिश या साजिश का आरोप नहीं लगाया है। इस संबंध में सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा, परिजनों के बयानों के अनुसार युवक शराब का आदी था और संभव है कि मानसिक तनाव में उसने यह कदम उठाया हो। फिलहाल किसी तरह का आरोप नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा है और मोहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिक 31 दिसंबर तक करा सकते हैं अपना नवीनीकरण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सहायक श्रमायुक्त एस एन नागेश ने बताया है कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने पिछले 04 या उससे अधिक वर्षो से नवीनीकरण नहीं कराया गया है, ऐसे पंजीयन निर्माण श्रमिकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए नवीनीकरण तिथि को दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है। ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने पिछले 04 या उससे अधिक वर्षो से नवीनीकरण नहीं कराया गया है, यदि दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक अपना नवीनीकरण नहीं करा लेते है, तो उन्हें निष्क्रिय सूची में रखा जायेगा। निष्क्रिय सूची के श्रमिकों की गणना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में नहीं की जायेगी। अतः पंजीकृत ऐसे समस्त निर्माण श्रमिकों से अपील की जाती है कि जिन्होंने पिछले 04 या उससे अधिक वर्षो से नवीनीकरण नहीं कराया है, वह 31 दिसंबर 2025 तक आवश्यक रूप से अपने-अपने श्रमिक पंजीकरण कार्डो का नजदीकी जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से नवीनीकरण करा लें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा। पंजीयन नवीनीकरण कराने के उपरान्त ही बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करने हेतु पात्र माने जायेंगे। बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओ मे मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना अधिकतम दो संतानों हेतु-पुत्र होने की दशा में रू0 20000/- एवं पुत्री होने की दशा में रू0 25000/- का हितलाभ। संस्थागत प्रसव की दशा में महिला श्रमिक को मातृत्व हितलाभ के रूप में निर्धारित न्यूनतम वेतन की दर से 03 माह के वेतन के समतुल्य धनराशि एवं रू0 1000/- का चिकित्सा बोनस तथा पुरूष कामगारों को 6000/- देय होगा। प्रथम संतान पुत्री होने पर बालिका मदद योजनान्तर्गत एक मुश्त रू0 25000/- बतौर सावधि जमा, जो 18 वर्ष के लिए होगी। 02 सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना अधिकतम दो बच्चों हेतु- कक्षा-1 से कक्षा-12 तक रू0 2000/- एक मुश्त, स्नातक अथवा उसके समकक्ष रू0 12000/- से 24000/- एक मुश्त, प्रोफेशनल डिग्री कोर्स (अवधि दो वर्ष या उससे अधिक हो) रू0 60000/- एक मुश्त। 03 कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन योजना व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिक या उसके पुत्र/पुत्री के प्रशिक्षण प्राप्त करने पर व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति। 04 कन्या विवाह योजना अधिकतम दो पुत्रियों अथवा पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के स्वयं के विवाह के स्थिति में स्वाजातीय विवाह में रू0 65000/- एवं अन्तजार्तीय विवाह में रू0 75000/- एवं सामूहिक विवाह की स्थिति में रू0 85000/- का हितलाभ। 05 गम्भीर बीमारी सहायता योजना हृद्रय, मष्तिष्क, रीढ की हड्डी, आंख, पथरी, अपेन्डिक्स, हाइड्रोशील, सर्विकल कैंसर की शल्य क्रिया, गुर्दा, लीवर का प्रत्यारोपण, पैर के घुटने बदलना, एच0आई0वी0 एडस आदि बीमारियों के ईलाज शासकीय चिकित्सालय में भारत सरकार अथवा उ0प्र0 सरकार के स्वायत्तशासी चिकित्सालय में ईलाज कराये जाने पर चिकित्सा पर आने वाले व्यय भार के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति। 06निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना सामान्य मृत्यु पर रू0 200000/-, दुर्घटना में मृत्यु होने पर रू0 500000/- एवं अन्त्येष्टि हेतु रू0 25000/- का हितलाभ। 07 महात्मा गांधी पेंशन योजना 60 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को जिनकी पंजीयन की न्यूनतम अवधि 10 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, ऐसे निर्माण श्रमिकों को रू0 1000/- प्रतिमाह। 08 अटल आवासीय विद्यालय योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अधिकतम दो बच्चों हेतु निःशुल्क शिक्षा (रहने एवं खाने-पीने आदि सुविधाओं सहित)

## सम्पादकीय

# ग्रामीण विकास के लिए 'जी राम जी' की तैयारी

कई क्षेत्रों, योजनाओं, पीएम नरेंद्र मोदी आवास और राजभवनों के नाम बदलने वाली केंद्र सरकार अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) योजना का नाम बदलने जा रही है। अब इसका नाम पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना (विकसित भारत-जी राम जी) हो सकता है। मनरेगा को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में जल्द विधेयक लाया जा सकता है। इस नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांट दी गई हैं। इस कदम के पीछे मानना है कि सरकार इसे सिर्फ एक रोजगार गारंटी योजना न मानकर ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण, विकास और एक समृद्ध भविष्य (विकसित भारत 2047) की दिशा में बड़े मिशन के रूप में देख रही है, जिसका मकसद सिर्फ 100 दिन का काम देना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले हर ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्तवर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। सरकार का कहना है कि मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं 'जी राम जी' में समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर जोर देना है, खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता को आसान बनाना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या कार्य पूरा होने के 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया गया तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी किया गया है। कार्यों को चार प्रमुख क्षेत्रों, जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ी अवसंरचना और आपदा-रोधी ढांचे में विभाजित किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग, डिजिटल एमआईएस डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासे और सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया है। शिकायत निवारण के लिए बहु-स्तरीय व्यवस्था और जिला स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति का भी प्रावधान है। योजना पर अनुमानित वार्षिक व्यय 1.51 लाख करोड़ बताया गया है, जिसमें केंद्र का हिस्सा लगभग 95,692 करोड़ रुपये होगा। बढ़े हुए रोजगार और परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण आय बढ़ेगी, पलायन घटेगा और महिलाएं भी कार्यबल में शामिल होंगी, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और श्रमिकों की आय पर सकारात्मक असर पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है। संक्षेप में कहें तो यह बदलाव मनरेगा को एक सतत ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण के मिशन में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए है, लेकिन नाम बदलना सिर्फ प्रतीकात्मक है, असली बदलाव क्रियान्वयन और पारदर्शिता में ही होगा। ग्रामीण विकास के बाद ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।



न्यायपालिका
मनोज कुमार अग्रवाल

# सेकुलर सियासत का महाभियोग!

इन दिनों मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार राजनीति में हलचल मची हुई है। उन्हें एक न्यायाधीश का एक दीप जलाने की इजाजत देने वाला फैसला जहर लग रहा है। दरअसल, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने पिछले हफ्ते कहा था कि, तमिलनाडु में 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर शुरू किया जाए। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है।

क्या न्यायपालिका को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए सनातन धर्म और हिन्दू समाज के खिलाफ फैसला देना जरूरी है? क्या इस देश में बहुसंख्यक आस्था के पक्ष में कोई न्यायिक निर्णय देना तथाकथित सेकुलर सियासतदानों की नजर में अपराध है? इन दिनों मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार राजनीति में हलचल मची हुई है। ये वही सियासतदान हैं, जो अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासती आंच पर रोटी सकते रहे, उन्हें एक न्यायाधीश का एक दीप जलाने की इजाजत देने वाला फैसला जहर लग रहा है। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव में कांग्रेस, डीएमके आप, सपा, सीपीआई, सीपीएम, और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सहित कई प्रमुख दलों के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। नियम के अनुसार, किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है, इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर दस्तखत किए हैं।

बता दें कि इस पूरे राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन का एक फैसला है। पिछले हफ्ते, उन्होंने तमिलनाडु के तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित 6वीं शताब्दी के सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के प्रशासन को एक निर्देश दिया। यह निर्देश था कि 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर शुरू किया जाए। जब राज्य सरकार ने विरोध किया और मंदिर प्रबंधन ने पालन नहीं किया तो जज ने अवमानना का आदेश भी जारी किया। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने अपने आदेशों का पालन न करने पर तमिलनाडु के मुख्य सचिव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को 17 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए भी तलब किया है। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, मैं यहां हाथ उठाकर असहाय होकर यह कहने के लिए नहीं हूं कि, 'हे पिता, उन्हें माफ कर दो, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।' यह जानबूझकर उल्लंघन है। उन्होंने केओसुबल की रिपोर्ट का संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया था कि मदुरै पुलिस आयुक्त ने 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अदालत के आदेश का पालन करने से केओसुबल टुकड़ी को रोका था। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्टों के 56 पूर्व न्यायाधीशों ने विपक्षी सांसदों द्वारा मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग की पहल को लेकर आपत्ति व्यक्त की है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह कदम उन न्यायाधीशों को दबाव में लाने का प्रयास है जो राजनीतिक या वैचारिक उम्मीदों के अनुरूप फैसले नहीं देते। 12 दिसंबर को जारी संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की बुनियाद को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभियोग का इस्तेमाल न्यायिक आचरण की रक्षा के लिए होता है, न कि राजनीतिक हथियार की तरह।



महाभियोग प्रस्ताव के खिलाफ 50 से अधिक पूर्व न्यायाधीशों ने पत्र जारी कर इस कदम की निंदा की। उन्होंने इस कदम को जजों को डराने-धमकाने की खुली कोशिश बताया। पत्र में पूर्व जजों ने इस कोशिश को न्यायपालिका को कमजोर करने वाली लंबी और चिंताजनक राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने आपातकाल के बाद तीन वरिष्ठ जजों की सुपरसिडिंग, जस्टिस एचआर खन्ना की उपेक्षा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, एसए बोबडे, डीवाई चंद्रचूड़ और अब सीजेआई सूर्याकांत के खिलाफ चलाए गए राजनीतिक अभियान का उल्लेख किया।

पूर्व न्यायाधीशों ने चेतावनी दी कि महाभियोग जैसे संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल आर्म-ट्विस्टिंग और बदले की राजनीति के हथियार के रूप में नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, "आज निशाना एक जज है, कल पूरा संस्थान निशाने पर होगा।" पूर्व जजों ने सांसदों, बार काउंसिल, सिविल सोसाइटी और नागरिकों से अपील की है कि इस कदम को शुरुआत में ही रोक दिया जाए, क्योंकि जज संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं, न कि राजनीतिक समूहों की पसंद-नापसंद के प्रति कोई जबाबदेही। बता दें कि तिरुप्परंकुंद्रम हिल पर दीपथून स्तंभ सिकंदर बादुशाह दरगाह के पास है और लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है। याचिकाकर्ताओं की मांग पर जज ने 4 दिसंबर शाम 6 बजे तक दीप जलाने का निर्देश दिया। उन्होंने दलील दी कि यह कदम मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता, लेकिन दीप न जलाने से पहाड़ी पर मंदिर के अधिकार कमजोर हो सकते हैं, क्योंकि वहां कथित अतिक्रमण की शिकायतें उठती रही हैं।

हालांकि तमिलनाडू सरकार ने यह कहते हुए कि इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, आदेश लागू करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस और हिंदू संगठनों के बीच झड़पें हुईं। डीएमके ने आरोप लगाया कि जज ने 2017 की डिवीजन बेंच के आदेश को उलट दिया है और उनका निर्देश चुनाव से ठीक पहले सांप्रदायिक तनाव भड़का सकता है। पार्टी नेता टीआर बालू ने लोकसभा में मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि भाजपा राज्य में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है। वहीं तमिलनाडू बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन ने कहा कि डीएमके न्यायिक फैसले तभी स्वीकार करती है जब वे उसके हित में हों। भाजपा नेता ने कहा कि जस्टिस स्वामीनाथन ने कोई अपराध नहीं किया और मंदिर व पुलिस प्रशासन की विफलता के कारण ही उन्हें आदेश देना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के महाभियोग प्रयास गलत परंपरा कायम करेंगे और संस्थानों के बीच टकराव को जन्म दे सकते हैं।

आपको पता रहे यह मुद्दा सिर्फ अदालत तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पिछले हफ्ते लोकसभा में भी बवाल मच गया था। डीएमके सदस्यों ने सदन में विरोध प्रदर्शन करते हुए बीजेपी पर 'सांप्रदायिक तनाव' भड़काने का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय उपमंत्री एल. मुरुगन ने डीएमके पर 'एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने' का पलटवार किया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने सदन में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के 'एक विशेष विचारधारा' के प्रति निष्ठा रखने की आलोचना की, जिस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायपालिका पर आक्षेप न लगाने की चेतावनी दी थी। अब स्पीकर ओम बिरला के सामने इन आरोपों की जांच और प्रस्ताव पर निर्णय लेने की बड़ी जिम्मेदारी है। देखना है कि इस मामले का पटाक्षेप किस तरह होता है। इतना तय है कि अब इस देश में तुष्टिकरण की सियासत चलने वाली नहीं है।

## विरासत
योगेंद्र माथुर



# दीपावली विश्व विरासत घोषित होना सनातन मूल्यों का सम्मान

दीपावली को यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया जाना न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में फैले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी गौरव का विषय है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्वभर में मानवता के लिए असाधारण महत्व की मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार सांस्कृतिक विरासत में वे प्रथाएं, ज्ञान, अभिव्यक्तियां, वस्तुएं और स्थान शामिल हैं, जिन्हें समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। इस दृष्टि से दीपावली दुनिया के बड़े वर्ग की आस्था व विश्वास की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। सनातन धर्म परम्परा में दीपावली पर्व मनाए जाने के अनेक प्रसंग हैं, लेकिन मूलतः दो प्रसंग महत्वपूर्ण हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम वनवास के दौरान लंका विजय कर जब अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण था। उन्होंने अपनी इस भावना का प्रकटन प्रकाश से किया था। घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रकाश और मंगलगान किया गया। दूसरा प्रसंग है समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी के आवाहन का। इसी लक्ष्मी के अपने घर आवाहन का पर्व है दीपावली। किसी कवि ने लिखा है, रात भर दिए ने अंधेरे से संघर्ष किया, सुबह उठकर लोगों ने उगते सूरज को ही सलाम किया। तब भी यह दीप जलता है आत्म कुंठा के अंधकार को भगाने के लिए। यह जलता है त्याग का प्रकाश फैलाने के लिए। यह दीप जलता है दुख-दारिद्र्य का अंधियारा मिटाने के लिए। यह दीप जलता है सुख-समृद्धि का उजियारा फैलाने के लिए। यह दीप जलता है परोपकार व सदाचार का पथ आलोकित करने के लिए। दीपक का यह संघर्ष ही तो मानवता का संघर्ष है। संघर्ष अन्याय, अत्याचार व अनाचार के विरुद्ध। भगवान श्री राम ने भी तो यही किया था। दीपावली पर्व संदेश देता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का, असत्य पर सत्य की जीत का और मृत्यु से अमृत अर्थात अमरता की ओर बढ़ने का। यूनेस्को का यह महत्वपूर्ण आयोजन दिल्ली के लाल किले में चल रहा है, जिसमें दुनिया के 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक प्रतिनिधियों की उपस्थिति है। भारत इस आयोजन की पहली बार मेजबानी कर रहा है। अब तक भारत की 15 प्राचीन परंपराएं, कलाएं व सांस्कृतिक आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं।

इस सूची में कुंभ मेला, रामलीला, योग, नवरोज ( पारसी समुदाय का त्योहार, मुंबई, गुजरात, अंतराष्ट्रीय स्तर पर ईरान व मध्य एशिया), कुदियाकट्टम, ( केरल ), कालबेलिया नृत्य, चौह छऊ नृत्य (सरायकेला-झारखंड, पुरुलिया-पश्चिम बंगाल, मयूरभंज-उड़ीसा), बौद्ध चैत्य नृत्य, वैद्यकीय परंपराएं-आयुर्वेदिक ज्ञान ( केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, बनारस-उत्तरप्रदेश), रंजीतगढ़ ढोल ( पंजाब विशेषकर रंजीतगढ़ ), गरबा साइंत लोक नाट्य परंपरा ( उत्तरप्रदेश ), मुद्दियेत्तू ( केरल ) छऊ मुखौटा कला (पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा की मुखौटा निर्माण परंपरा), दुर्गा पूजा उत्सव ( कोलकाता ) शामिल हैं। दीपावली सहित अब यह संख्या 16 हो गई है। हालांकि भारत की प्राचीनता, ऐतिहासिकता व समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं की दृष्टि से मात्र 16 परम्पराओं व सांस्कृतिक आयोजनों का यूनेस्को की सूची में शामिल होना ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। किसी भी सांस्कृतिक धरोहर के यूनेस्को की सूची में आने का मतलब उसे वैश्विक पहचान मिलना और लोकप्रियता में वृद्धि होना होता है। इससे दुनियाभर के पर्यटक उसकी तरफ आकर्षित होते हैं, संबंधित देशों में पर्यटन बढ़ता है, संबंधित स्थानीय कलाकारों को नया कार्य मिलता है और इन देशों के अर्थ तंत्र को खासा लाभ पहुंचता है।

यूनेस्को सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने, दस्तावेज तैयार करने और आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता या सहयोग करता है।

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# भक्ति करने का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुख नहीं आएंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

*- संकेत वर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### भारत ने श्रीलंका में फील्ड अस्पताल संचालन किया बंद

चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत द्वारा स्थापित फील्ड अस्पताल ने अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपना संचालन बंद कर दिया है। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत भारतीय सेना की शत्रुजीत ब्रिगेड के 78 सदस्यीय एकीकृत टास्क फोर्स के साथ एक पूर्ण विकसित पैरा फील्ड अस्पताल दो दिसंबर को श्रीलंका के लिए एयरलिफ्ट किया गया और कैंडी के पास महियांगनाया में तैनात किया गया ताकि तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



## ऑफ बीट

### प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है।



## ट्रेंड

### पटेल को हार्दिक श्रद्धांजलि



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया।' 'कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।' -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पुण्यतिथि पर नमन



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, मजबूत भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।' 'सरदार पटेल ने खंड-खंड में बंटे आजाद भारत को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एकीकृत कर मजबूत राष्ट्र का सुदृढ़ रूप दिया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### आतंकी हमले की निंदा



ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से अभी-अभी बात हुई। बॉण्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ऑस्ट्रेलिया को हमारा पूर्ण समर्थन देने की बात की। हम हनुक्का समारोह को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। -एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

### यह बड़ी साजिश



यह केवल महात्मा गांधी नरेगा का नाम बदलने की बात नहीं। ये भाजपा-आरएसएस की मनरेगा को खत्म करने की साजिश है। संघ के सौ साल पर गांधी का नाम मिटाना दिखाता है कि जो मोदी जी विदेशी धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं, वो कितने खोखले हैं। -मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

## संक्षेप

### ठंड का प्रकोप बढ़ा, घना कोहरा छाया

**तापमान में गिरावट, सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं**

अमेठी , दिसंबर की शुरूआत के साथ ही अमेठी जनपद में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। तहसील के विभिन्न हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह और देर शाम को कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो जा रही है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया है। पिछले कुछ दिनों में तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ने से बुजुर्गों, बच्चों और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को सबसे अधिक दिक्कतें हो रही हैं। सुबह काम पर निकलने वाले लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा ढूंढ रहे हैं। ठंड के बढ़ते प्रकोप के बावजूद प्रशासन की ओर से अभी तक कोई खास सक्रियता नहीं दिखी है। अमेठी नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। चौक-चौराहों, बस स्टैंड और बाजारों में अलाव न जलने से राहगीरों और गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### विवाहिता गहनों समेत लापता

**पति ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार, 4 साल का बच्चा मां को कर रहा याद**

अमेठी तहसील , अमेठी कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामसभा से एक विवाहिता गहनों समेत लापता हो गई है। कई दिनों बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे पीड़ित परिवार की चिंताएं बढ़ गई हैं। पीड़ित पति ने बताया कि पत्नी के लापता होने के बाद उन्होंने सबसे पहले प्रतापगढ़ जनपद के सांगीपुर कोतवाली में तहरीर दी थी। सांगीपुर पुलिस ने इसे अमेठी जनपद का मामला बताते हुए तहरीर अमेठी कोतवाली भेज दी।

# नानपारा में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में पीएस मिर्जापुर तिलक की प्रवीन बानो प्रथम

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता नानपारा स्थित सआदत इंटर कॉलेज मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा और उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक अमित पांडे ने किया। मेहरबान नगर स्कूल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान कई स्पधाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ के सीनियर वर्ग बालिका में रचना गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग बालक में शिवम यादव विजेता रहे। सब जूनियर वर्ग बालक में साजिद और जूनियर वर्ग बालिका में सावित्री ने पहला स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सब जूनियर पीएम श्री वैवाही टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी के जूनियर बालिका वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला। बैडमिंटन की सब जूनियर स्पर्धा में शंकर इंटर कॉलेज के नदी ने पहला और लखिया कला के प्रीतम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में लखैय्या कला के छंगा को प्रथम स्थान मिला। वहीं 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ मे पीएस मिजार्पुर तिलक की प्रवीन बानो प्रथम, 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ मे यूपीएस नवाबगंज श्यामू यादव प्रथम, 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ मे यूपीएस धरम नगर उदित नारायन पाठक प्रथम, 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ मे यूपीएस नवाबगंज समीर नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। वालीबाल जूनियर वर्ग मे नवाबगंज की टीम नें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के समापन पर विधायक रामनिवास वर्मा ने सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल हमारे अंदर अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास विकसित करते हैं।

इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी अरुण वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रामतिलक वर्मा, बीईओ पीआरडी अजय गुप्त, भाजपा जिला पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष कृपा राम वर्मा सहित शिक्षक संतोष यादव, सुग्रीव वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, श्रवण वर्मा, दिल मोहम्मद, माधव राम, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बुढवां गांव में रीजनल प्रीमियर क्रिकेट लीग की तैयारियां जोरों पर

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वां की सरजमीं पर रीजनल प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन 2 का आगाज हो चुका है समिति के अध्यक्ष पंडित सर्वेश तिवारी ने बताया कि यह क्रिकेट महा महोत्सव 2 जनवरी से बुढ़वां गांव के आईटीआई ग्राउंड पर खेला जाएगा जिसका समापन 10 जनवरी 2026 को धूमधाम से किया जाएगा इस विशाल टूनार्मेंट कार्यक्रम में क्षेत्र जनपद तथा प्रदेश स्तरीय टीमें मैदान पर अपना करतब दिखाएंगी वही संपूर्ण कार्यक्रम का उत्तरदायित्व प्रबंधक राजेश उत्तम ग्राम प्रधान नोनारा डॉ निखिल यादव राजकुमार वर्मा अविराम मिश्र समेत आईपीएल कोर कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा निभाया जाएगा फाइनल मैच के विजेता तथा विजेता टीम को एक आकर्षक उपहार के साथ सम्मानित किया जाएगा सक्रिय कार्यकर्ता अविराम मिश्र के साथ नवीन सचान अशोक गुप्ता आदि दर्जनों कार्यकताओं ने मैदान की साफ सफाई बाउंड्री का कार्य इत्यादि संपन्न कराया जानकारी लेने पर बताया कि ग्राउंड को पूरी तरह से सुसज्जित किया जा रहा है जिससे प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शक गण उचित स्थान ग्रहण करते हुए क्रिकेट मैच का लुप्त उठाएंगे

# उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने पकड़ा अवैध बालू से भरा ट्रक

**एसडीएम नानपारा की कार्यवाही से बालू माफियाओं में मचा हड़कंप**

अमन लेखनी समाचार



मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

बहराइच। तहसील कार्यालय नानपारा में जनसुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के मोबाइल पर सुबह लगभग पूर्वान्ह 10 बजे सूचना प्राप्त हुई कि नानपारा में गल्ला मंडी के पास शिवपुर रोड पर एक अवैध रूप से रेत/बालू से भरा ट्रक खड़ा है। शिकायत की गम्भीरता को देखते हुए एसडीएम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के साथ मौके पर पहुंच कर देखा कि बालू से लदा हुआ एक ट्रक यू.पी. 40-टी-4813 रेत उतार रहा था। एसडीएम व सी.ओ. द्वारा ट्रक चालक से बालू से संबंधित आवश्यक कागजात मांगने पर चालक द्वारा कोई कागजात नहीं दिखाए गए। एसडीएम ने उक्त ट्रक को थानाध्यक्ष नानपारा को सुपुर्द करते हुए जिला खनन अधिकारी बहराइच को दूरभाष पर निर्देशित किया कि तत्काल तहसील नानपारा आकर ट्रक में भरी बालू की जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कप मच गया। एसडीएम ने बताया कि किसी भी दशा में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भविष्य में भी राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें निरन्तर भ्रमणशील रहकर अवैध खनन तथा परिवहन में संलिप्त वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करती रहेंगी।

# लेखपाल भर्ती में ओबीसी को मिले 27 फीसदी आरक्षणः आशीष मौर्य

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। लेखपाल भर्ती का आयोग की ओर से विज्ञापन जारी किया गया है जिसमें ओबीसी आरक्षण जो 27 फीसदी होना चाहिए उसे घटकर 18 फीसदी किया गया है जिससे ओबीसी वर्ग काफी नाराज और आहत है। विज्ञापन में संशोधन करके 18 के स्थान पर 27 फीसदी आरक्षण देने की मांग को लेकर प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौप है।16 दिसम्बर 2025 को लेखपाल भर्ती की जारी अधिसूचना में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण न दिए जाने के कारण प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद ने प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद को देकर जारी अधिसूचना में संशोधन करके ओबीसी को उचित न्याय दिए जाने की मांग किया। प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा 16 दिसम्बर 2025 को विज्ञापन संख्या -02/परीक्षा/2025 लेखपाल मुख्य परीक्षा भर्ती की अधिसूचना जारी हुई है, जिसमे कुल पद 7998 है। जिसमे से अनारक्षित 4165, अनुसूचित जाति 1446, अनुसूचित जनजाति 150, अन्य पिछड़ा वर्ग 1441 एवं इडब्लूएस 792 पद निर्धारित किया गया है, जो सर्वथा नियम विरुद्ध और पक्षपातपूर्ण है। आयोग द्वारा जारी इस लेखपाल मुख्य परीक्षा भर्ती अधिसूचना मे ओबीसी के आरक्षण पर सीधा प्रहार किया है, और 27 फीसदी की जगह 18 फीसदी पद ही निर्धारित किया है, और संवैधानिक नियमों की सरासर अवहेलना की है। सरकार की मंशा सबका साथ सबका विकास के ध्येय वाक्य को भी आयोग ने धूमिल करने का काम किया है। सरकारी मशीनरी पिछड़े.वर्ग के नव युवाओं के अधिकारों को छीनकर उनका भविष्य कुचल रही है। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद मांग करता है कि ओबीसी के हित को ध्यान रखते हुए ये अधिसूचना को संशोधन करके ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने का कष्ट करे। अगर अगर ओबीसी को उनका अधिकार नहीं मिलता है तो अपने को ठगा महसूस करेंगे। इस मौके पर एडो.संजीव कुमार मौर्य, धनंजय मौर्य,अनीता मौर्य, हरीश, निरंकार, रामरूप मौर्य, ओम प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग से जुड़े मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच जारी

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र में नाबालिग बालिका से जुड़े एक मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में बालिका की माता द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्रार्थना पत्र के अनुसार वादिनी ने आरोप लगाया है कि 12 दिसंबर को उनकी लगभग 14 वर्षीय पुत्री को अध्यापक सलमान द्वारा झाडू लगवाने के लिए विद्यालय बुलाया गया, जहां उसके साथ अनुचित व्यवहार किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले की विवेचना निरीक्षक गणेश तिवारी को सौंपी गई है। वहीं विपक्षी के माता पिता का कहना है कि यह मामला पैसे के लेनदेन से जुड़ा हुआ है और उनके पुत्र को झूठा फंसाया जा रहा है। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में थाना



प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता के लिए निकाली गई रैली



अमन लेखनी समाचार/ संतोष मिश्रा

बहराइच। बाल श्रम उन्मूलन एवं जनपद बहराइच को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम से मुक्त कराये जाने के उद्देश्य से सहायक श्रम आयुक्त बहराइच सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा जागरूकता प्रचार प्रसार वाहन को गेंद घर स्थित श्रम कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री मोदियानी ने सभी व्यापारी बंधुओं एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे से कोई भी कार्य न लें तथा 14 से 18 वर्ष के किशोर से कोई भी खतरनाक प्रकृति का कार्य न कराए। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर 06 माह से 02 साल की जेल तथा जुमार्ना हो सकता है।

# रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबागंज मेला मे महिला व बाल सुरक्षा पर विशेष पहल



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। गुरुवार को थाना रुपईडीहा क्षेत्र के बाबागंज मेला परिसर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि उप निरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल अतुल पांडेय तथा महिला आरक्षी प्रिया पांडेय द्वारा उन्हें महिला संबंधी अपराधों की शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबरों, साइबर अपराधों से बचाव तथा आवश्यक कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कन्या सुमंगला योजना और मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही मानव तस्करी और बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। घरेलू हिंसा अधिनियम और दहेज उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी देते हुए महिलाओं और बालिकाओं की समस्याएं भी सुनी गईं।

# इंडियन बैंक का धूमधाम से हुआ नवीनीकरण शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के रामपुर धोबिया स्थित इंडियन बैंक शाखा रामपुर धोबिया के विस्थापन व नवीन शुभारंभ पर आज गुरुवार को विभाग के एलडीएम जेडीएम व विधायक प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया शुभारंभ।जनपद बहराइच के शिवपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया में स्थित इंडियन बैंक शाखा रामपुर धोबिया 1987 से इस क्षेत्र के आवाम की धन सेवा सुरक्षा व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से इस पिछड़े बाढ प्रभावित क्षेत्र तथा जनपद के दूरस्थ गाँवो के गरीब किसानों की सेवा में संलिप्त है। पूर्व में यह बैंक इलाहाबाद बैंक के नाम से गांव के एक छोर पर स्थित थी और इस क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों के खाता धारकों की काफी भीड़ होती थी। इससे आवागमन भी बाधित रहता था। बदलते समय के दृष्टिगत इंडियन बैंक पुराने स्थल से विस्थापित होकर रामपुर बाजार में स्थापित हुई है। बैंक ग्राहकों की मांग को देखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की सुविधाओं सहित एटीएम की भी यहां व्यवस्था की गई है। वहीं आज गुरुवार को इंडियन बैंक शाखा रामपुर का नवीन शुभारंभ किया गया। इस क्रम में बैंक को भव्यता के साथ सजाया गया तथा सुनिश्चित समयावधि पर विधायक प्रतिनिधि नानपारा अमन वर्मा, हरिहर वर्मा, सौरभ वर्मा व अंचल प्रमुख बहराइच मंडल कृष्ण चंद्र साहू एवं उप अंचल प्रमुख बहराइच मंडल चक्रपाणि द्विवेदी के द्वारा विधिवत पूजन अर्चन करते हुए फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चीफ मैनेजर रशिमी मैडम, जोनल ऑफिसर संदीप कुमार, एच आर अभिषेक कुमार यादव स्थानीय बैंक कार्मिकों के साथ उपस्थित रहे। तत्पश्चात सम्मान समारोह में इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक शोभित श्रीवास्तव के द्वारा अंचल प्रमुख व उप अंचल प्रमुख को पुष्पगुच्छ देकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अंचल प्रमुख के द्वारा बैंक के प्रथम ग्राहक माधवराव वर्मा को शाल देकर तथा उप अंचल प्रमुख के द्वारा मुख्य अतिथि हरिहर वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर एवं अमन वर्मा सौरभ वर्मा को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी, उप निरीक्षक चंद्रेश्वर मिश्रा, बुद्धि लाल वर्मा, दीप शुगर इंडस्ट्रीज, शैलेंद्र वर्मा प्रधान रायगंज प्रधान प्रतिनिधि प्रभात कुमार जायसवाल आदि को एलडीएम के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही तमाम वरिष्ठ खाता धारकों को इंडियन बैंक के कर्मचारियों द्वारा सम्मान दिया गया।कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में शाखा प्रबंधक सरल स्वभाव शोभित श्रीवास्तव, एबीएम आशीष पटेल, पियूष शुक्ला कैसियर, वीरेंद्र कुमार गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में गांव क्षेत्र के तमाम सम्भ्रान्त गणमान्य खाताधारक बैंक कर्मचारी एवं सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज, रूपईडीहा में क्रिसमस उत्सव का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रूपैडिहा, बहराइच। प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज में गुरुवार को क्रिसमस के पावन अवसर पर हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री, सितारों एवं आकर्षक सजावटी सामग्री से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव की छटा बिखर गई। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में अनुशासित एवं आनंदपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें क्रिसमस कैरोल गायन, सांता क्लॉज आगमन, जिंगल बेल्स नृत्य, समूह नृत्य, संगीत प्रस्तुति तथा क्रिसमस संदेश कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण रहे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम, शांति, भाईचारे एवं सेवा भावना का संदेश दिया गया।उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को चाउमीन एवं केक वितरित किए गए, साथ ही बच्चों को उपहार भी दिए गए, जिससे उनके चेहरों पर विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा और सभी ने मिलकर पर्व की खुशियाँ साझा कीं।समारोह के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अनुग्रह स्टेनली ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं आयोजन से जुड़े सभी लोगों की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# होम्योपैथिक अस्पताल बदहाल, न डॉक्टर न इलाज

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड अंतर्गत लोचीखेडा गाँव में बना होम्योपैथिक अस्पताल आज अपनी बदहाली के आँसू बहा रहा है। जिस अस्पताल से ग्रामीणों को सस्ता और सुलभ इलाज मिलना था, वहाँ आज मरीजों को देखने के लिए कोई डॉक्टर मौजूद नहीं है। अस्पताल की इमारत तो खड़ी है, लेकिन भीतर इलाज की कोई व्यवस्था नहीं। ग्रामीणों के अनुसार लगभग चार साल पहले एक महिला डॉक्टर की नियुक्ति हुई थी। वह महज दोझ्चार दिन अस्पताल आईं और फिर अपना तबादला करा लिया। इसके बाद प्रयागराज से जुड़े एक डॉक्टर के भरोसे व्यवस्था चलाई गई, लेकिन वह भी सिर्फ फोन पर ही इलाज बताते रहे। अब हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अस्पताल पूरी तरह भगवान भरोसे है।गाँव वालों का कहना है कि कुछ समय तक एक संविदा पर कंपाउंडर आता था, लेकिन अब वह भी अस्पताल नहीं आता। न दवा है, न डॉक्टर और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी देखने आता है। कभी जो अस्पताल क्षेत्र की शान था, वह अब खंडहर बनता जा रहा है। इस अस्पताल की जमीन और भवन कभी गाँव के एक निवासी ने बेहद मामूली किराये पर दिया था, ताकि गरीबों को इलाज मिल सके। आज वही अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है।स्वास्थ्य मंत्री और योगी सरकार भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करें, लेकिन लोचीखेडा की जमीनी हकीकत उन दावों की पोल खोल रही है। मजबूर ग्रामीण होम्योपैथिक इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सवाल साफ है—आखिर कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग और कब मिलेगा लोचीखेडा को उसका हक?

# वन विभाग ने कब्र बिज्जू का किया रिस्क्यू

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। नई बाजार बाबागंज के बीच आबादी में उस वक़्त हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने अपने बीच बिज्जू को देख सहम गए।जिसकी सूचना मिलने पर वन विभाग नें रिस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक कस्बा बाबागंज में जंगल या कब्रिस्तान में दिखने वाला बिज्जू कों अपने पास देखकर डर का माहौल बन गया। कस्बावासियों नें वन विभाग के अधिकारियो कों जानकारी दी कि उनके घर के पास एक जंगली जानवर घुसा हुआ है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम नें कब्र बिज्जू को रेस्क्यू कर सकुशल पकड़कर अपने साथ ले जाकर स्थानीय जंगल में छोड़ दिया है रेंजर अतुल श्रीवास्तव चकिया रेंज नें बताया है कि कब्र बिज्जू एक आलसी प्रवृत्ति का जानवर है जो धीमी गति से चलता है। जिस वजह से जान का खतरा हमेशा बना रहता है। सामान्यता यह जंगल में या शमशान के आसपास देखा जाता है।

# फार्म से मुर्गी चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के अपराध में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की है। बीते बुधवार को कस्बा फतेहपुर चौरासी निवासी शफीक नामक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि एक चार पहिया वाहन सवार अज्ञात लोगों ने उसके मुर्गी फार्म की जाली तोड़कर लगभग चार दर्जन मुर्गी चुरा ले गए। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच व चोरों की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने क्षेत्र के गांव चिरंजू पुरवा निवासी सरोज नामक व्यक्ति को चार पहिया वाहन और करीब तीन दर्जन जीवित मुर्गियों समेत बहादुर खेड़ा मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की है।

# कम दाम में सेब बेच रहे दुकानदार को दबंगो ने पीटा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में सेब कम दाम पर बेचने को लेकर एक युवक की सरेआम पिटाई की गई। चार सगे भाइयों ने युवक पर बेल्ट और बाट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना बांगरमऊ के तिकोनिया पार्क क्षेत्र में हुई। पीड़ित युवक ठेला लगाकर सेब बेचता है। आरोप है कि वह आसपास की दुकानों से कम कीमत पर सेब बेच रहा था, जिससे कुछ दुकानदार नाराज थे। इसी बात को लेकर चार भाइयों ने पहले युवक से कहासुनी की और फिर उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को बेल्ट से पीटा और एक किलो के लोहे के बाट से उसके सिर पर वार किया। हमले में युवक के सिर से खून बहने लगा और उसका एक दांत भी टूट गया। मारपीट के दौरान युवक जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन हमलावर उसे लगातार पीटते रहे। मौके पर मौजूद लोगों के बीच-बचाव के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो किसी राहगीर ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह युवक को घेरकर पीटा जा रहा है, जबकि आसपास खड़े लोग दहशत में नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बांगरमऊ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक की हालत गंभीर है, हालांकि वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और वायरल वीडियो के आधार पर हमलावरों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### भू-माफिया पर प्लॉट हड़पने का आरोप

**जिलाधिकारी को शिकायत, जान से मारने की धमकी का भी जिक्र**

बागपत , तहसील क्षेत्र के कस्बा निवासी नईम प्रवेश ने जिलाधिकारी बागपत को एक शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है और भू-माफिया द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। यह मामला 200 वर्ग गज के एक प्लॉट से संबंधित है। नईम प्रवेश ने आरोप लगाया कि व्यक्ति पेशेवर भू-माफिया हैं। उनके खिलाफ बागपत और अन्य थानों में पहले भी जानलेवा हमला, मारपीट और गौ-हत्या से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी बागपत से इस मामले की तत्काल जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का भी आग्रह किया है। जिलाधिकारी अस्मितलाल ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सुजारा के किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया

**गन्ना मार्ग और पुलिया खराब, मिल तक नहीं पहुंच रहा गन्ना**

बागपत, बड़ौत तहसील के सुजारा गांव के किसान मंगलवार को बागपत कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर गन्ना मार्ग और पुलिया की मरम्मत की मांग की। किसानों का कहना है कि गन्ना क्रय केंद्र बंद होने और रास्ते खराब होने के कारण उनका गन्ना चीनी मिल तक नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने बताया कि उनका गन्ना सुजारा से बागपत चीनी मिल जाता है, लेकिन पिछले आठ दिनों से क्रय केंद्र बंद है। किसान विक्रम निवासी सुजारा ने जानकारी दी कि दिल्ली-सहारनपुर रोड से गांव सुजारा आने वाली पुलिया और मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस वजह से केंद्र पर रखा और खेतों में पड़ा गन्ना दोनों ही सूखने लगा है। किसानों ने अपने प्रार्थना पत्र में प्रशासन से तत्काल रास्ता और पुलिया की मरम्मत कराने का आग्रह किया है, ताकि गन्ना सुरक्षित रूप से मिल तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो उन्हें मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। किसानों ने यह भी बताया कि इस समस्या से उनके गन्ने के उत्पादन और आय पर गंभीर असर पड़ रहा है।

### करनाल हाईवे पर ट्रक से टकराई कार

**घने कोहरे में हुआ हादसा, एयरबैग खुलने से चालक की जान बची**

मेरठ , करनाल हाईवे पर सोमवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। गांव जेवरी के सामने घने कोहरे के कारण एक कार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना रात करीब दो बजे हुई जब सरधना की ओर से आ रहे एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे आ रही कार को संभलने का मौका नहीं मिला और वह सीधे ट्रक में जा घुसी। हादसे के बाद कार चालक जगेठी निवासी सन्नी वाहन के अंदर फंस गया। कार में लगे एयरबैग तुरंत खुल गए, जिससे चालक सन्नी की जान बच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## सिविल लाइंस में मार्च निकाला, सड़क पर बैठकर नारेबाजी की

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, प्रयागराज में कांग्रेसियों ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर ईडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेशल हेराल्ड मामले में यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अदालत से आए फैसले के बाद कांग्रेसियों ने जश्न मनाया। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऐलान पर कांग्रेसी सड़कों पर उतरे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त अध्यक्ष और पदाधिकारीयों ने सिविल लाइन्स सुभाष चौराहे से मार्च निकाला। कांग्रेसी भाजपा कार्यालय तक जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने रोक दिया। आक्रोषित नेताओं ने सड़क पर बैठकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीयों के समझाने के बाद कांग्रेसी सड़क पर से हटे। शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी और प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ धनशोधन से जोड़कर उन्हें और पार्टी को बदनाम कर रही है ।पार्टी प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की नेशनल हेराल्ड का मामला पूरी तरह से फर्जी और राजनीति से प्रेरित था ।शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, यमुनापार अध्यक्ष अशोक पटेल, गंगापार अध्यक्ष अशफाक अहमद, मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, हसीब अहमद, संजय तिवारी, परवेज सिद्दीकी, सुनील पाण्डेय, किशोर वार्ष्णेय, अरशद अली, मुन्ना उपाध्याय, महेन्द्र सिंह, विशाल सोनकर, राकेश श्रीवास्तव, जीतेन्द्र राय, राजू सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी, प्रदीप द्विवेदी समेत आदि लोग मौजूद रहें।

# घने कोहरे से ढका शहर

**मौसम विज्ञानी बोले- 22 दिसंबर तक घना कोहरा रहेगा, त्रिवेणी व गरीब रथ ट्रेन निरस्त रहीं**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , संगमनगरी प्रयागराज में लगातार दूसरे दिन गलन से लोग ठिठुरते दिख रहे हैं। कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। देर रात से ही कोहरा दिखने लगा। पूरा शहर कोहरे की चादर से ढका दिखा। बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह और रात के समय सर्द हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड के असर से आम जनजीवन के साथ-साथ कारोबार और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। घने कोहरे को देखते हुए रेलवे ने गरीब रथ और त्रिवेणी एक्सप्रेस को बुधवार के लिए निरस्त कर दिया था। इसी तरह अकासा एयर की मुंबई की उड़ान भी निरस्त रही। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी प्रो. शैलेंद्र रॉय बताते हैं कि 18 से 22 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में घने कोहरे बने रहने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में और गिरावट भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर पूरे प्रदेश में दिख रहा है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण बढ़ रही गलन उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड में इजाफा हुआ है। न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने से दृश्यता कम हो रही है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर गाडियों व रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार थम गई है। इससे ट्रेनें घंटों देरी से अपने गंतव्य स्टेशनों तक पहुंच रही हैं। गर्म कपड़ों की डिमांड, हीटर व ब्लोवर सहारा ठंड बढ़ने के साथ ही लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मॉल व दुकानों में लोग गर्म कपड़े खरीदते दिख रहे हैं। जबकि ठंड से बचने के लिए लोग हीटर व ब्लोवर भी ले रहे हैं। शहर के चौराहों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं। ठंड का असर स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ने की उम्मीद है।

# समाजसेवी ने नन्हे मुन्ने बच्चों को दी ठंड से निजात

**पत्नी शिक्षामित्र के साथ मिलकर विद्यालय के बच्चों को वितरित किया स्वेटर**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। ठंड का प्रकोप तेज होते देख जगह-जगह समाजसेवियों ने राहत कार्य प्रारंभ कर दिए जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत देवरी बुजुर्ग गांव निवासी समाज सेवी आदित्य शुक्ल ने गांव में संचालित कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को ठंड से निजात दिलाने हेतु स्वेटर वितरित किए मिली जानकारी के अनुसार समाजसेवी आदित्य शुक्ल की धर्मपत्नी कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं जहां पत्नी के साथ मिलकर समाजसेवी ने कक्षा एक के लगभग दो दर्जन बच्चों को अपने निजी धन से स्वेटर वितरित किये शीतलहर से बचने के लिए वस्त्र पाकर नन्हे मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला अध्यक्ष विद्यालय के शिक्षक डॉ प्रशांत पाण्डेय शिक्षक अंबा प्रसाद सौरव सचान आदर्श तिवारी सौम्या शुक्ला अपर्णा मिश्रा आदि ने भी प्रसन्नता जाहिर करते हुए समाजसेवी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी



# गन्ना भवन में किसानों ने चढ़ाई कढ़ाई

**अनिश्चितकालीन धरना 20 घंटों से जारी, बोले-समस्या का समाधान होने पर उठेंगे**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , गन्ना भवन में भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना दोपहर से लगातार जारी है, किसानों का कहना है कि जब तक हमारी सभी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है हम यहां से नहीं उठेंगे और न ही अधिकारियों को जाने देंगे ।किसानों ने रात में ही गन्ना भवन में कढ़ाई चढ़ाकर खाना बनवाया और अधिकारियों को भी खिलाया। उनका कहना है कि हम लंबे समय से अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रखते आ रहे है लेकिन हमे सिर्फ आश्वासन मिलता है किसी भी समस्या का निस्तारण आज तक नहीं हुआ है।

जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि हम किसान तो दिन रात खेतों में काम करते हैं, इसलिए हमे कहीं भी रूकने में कोई समस्या नहीं है। अपना हक लेने के लिए हम अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। अधिकारियों को यहां रोकने का उदेश्य सिर्फ यह है कि ताकि वह इस बात को समझ सकें कि किन परेशानियों के साथ किसान दिन रात काम करता है।

### मनोरंजन के साधन भी रखे

किसानों ने रात से ही अपने मनोरंजन कि लिए ट्रेक्टरों में डीजे बजाकर डांस किया साथ ही हुक्का और ताश लेकर पहुंचे किसानों ने पूरी रात हुक्का पीकर ताश खेलते हुए निकाल दी। उनका कहना है कि इस समय हमारे काम का समय है ।जिस समय हमारे लिए एक एक मिनट कीमती है उस समय हम अपने हक के लिए यहां बैठे हैं।

# दो बसों के बीच फंसकर छात्रा की मौत

**रोडवेज और प्राइवेट बस के बीच स्कूटी सवार छात्रा फंसी, पहिया चढ़ने से जान गई**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , सुबह भैशाली बस स्टैंड के पास एक सड़क हादसे में कॉलेज जा रही छात्रा की मौत हो गई। छात्रा रोडवेज बस की चपेट में आ गई थी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्रा कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के नगलातासी की रहने वाले अक्सा पुत्री आसिफ के रूप में हुई है। वह ईरा गार्डन कॉलोनी में रह रही थी। सुबह निकली थी। 11वीं की छात्रा थी। अक्सा अपनी स्कूटी से डोगरा लाइंस, सदर बाजार स्थित अपने कॉलेज जा रही थी। जानकारी के अनुसार, जब अक्सा भैशाली बस स्टैंड के नजदीक पहुंची, तो वह एक प्राइवेट बस और रोडवेज बस के बीच फंस गई। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गई। रोडवेज बस का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया ।सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल छात्रा को बेगमपुर चौराहे के पास स्थित दयानंद अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है

# 1000 लिफ्टें बिना पंजीकरण, हादसे का खतरा

**विद्युत सुरक्षा विभाग ने बढ़ाई सख्ती, पंजीकरण अनिवार्य**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद में लिफ्ट दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं ने लोगों की सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है। पिछले कुछ महीनों में लिफ्ट गिरने और खराब होने के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद, जिले की कई बहुमंजिला इमारतों में लिफ्टें अभी भी बिना पंजीकरण और आवश्यक सुरक्षा मानकों के संचालित हो रही हैं। विद्युत सुरक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद जिले में लगभग चार हजार लिफ्टें संचालित हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम लागू किए जाने के एक साल से अधिक समय बाद भी, इनमें से करीब एक हजार लिफ्टों का पंजीकरण नहीं हो पाया है। यह स्थिति आम नागरिकों के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा करती है। वद्युत सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक सौरभ कुमार सिंह ने जानकारी दी कि जिले में केवल 2991 लिफ्टों का ही पंजीकरण हो सका है। सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि विभाग लगातार अस्पतालों, स्कूल-कॉलेजों, हाईराइज सोसाइटी, शॉपिंग मॉल और अन्य ऊंची इमारतों में लगी लिफ्टों के संचालकों को नोटिस भेज रहा है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण पूरा करें, अन्यथा सरकारी नियमों के तहत जुमार्ना और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग की टीमें नियमित रूप से औचक निरीक्षण कर रही हैं। हर महीने लगभग 100 से 150 लिफ्टों की जांच की जाती है। इन निरीक्षणों में लिफ्ट की तकनीकी स्थिति, सुरक्षा उपकरण और रखरखाव से संबंधित रिकॉर्ड की गहनता से जांच की जाती है। सहायक निदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी लिफ्ट से जुड़ी शिकायत मिलने पर तुरंत एक टीम को मौके पर भेजा जाता है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं ।सिंह ने बताया कि प्रत्येक लिफ्ट में सीसीटीवी कैमरा, ऑटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस सिस्टम, इमरजेंसी अलार्म, इंटरकॉम और आपातकालीन संपर्क नंबर होना अनिवार्य है।



# स्कूलों के बाहर एसपी की दबिश

## शोहदों की तलाश, दुकानों पर खड़े युवकों से पूछताछ; सीसीटीवी रिकॉर्डिंग प्रतिदिन चेक होगी

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी खुद सड़क पर उतर आए। स्कूलों की छुट्टी के समय एसपी ने कई शिक्षण संस्थानों के बाहर निरीक्षण किया और शोहदों की तलाश की। इस दौरान स्कूलों के बाहर दुकानों पर खड़े युवकों से पूछताछ की गई और पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए। दरअसल, सदर बाजार थाना क्षेत्र स्थित आर्य महिला इंटर कॉलेज के बाहर पिछले कुछ समय से छात्राओं से छेड़छाड़ की शिकायतें मिल रही थीं। एक बार इसी स्कूल के बाहर नाबालिग द्वारा स्टंट करते हुए छात्राओं को डराने का वीडियो भी वायरल हुआ था। शिकायतों के बाद एसपी राजेश द्विवेदी खुद स्कूल की छुट्टी से कुछ देर पहले कॉलेज गेट पर पहुंच गए। एसपी ने स्कूल गेट के पास लगी चाट की दुकान देखकर नाराजगी जताई और तत्काल दुकान हटाने के निर्देश दिए। पास ही दूसरी दुकान पर कई युवक चाट खाते दिखे, जिनसे एसपी ने पूछताछ की और वहां आने का कारण पूछा। एसपी ने दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। एक दुकान का कैमरा केवल मिठाई की ट्रे को कवर कर रहा था, जिस पर एसपी ने नाराजगी जताई और कैमरे का रुख तुरंत सड़क की ओर करने के निर्देश दिए, ताकि संदिग्ध गतिविधियां रिकॉर्ड हो सकें ।रोजाना उउळश फुटेज चेक करने के निर्देशआर्य महिला इंटर कॉलेज के पिछले गेट तक पहुंचकर एसपी ने निर्देश दिए कि स्कूलों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की रोजाना कम से कम एक घंटे की रिकॉर्डिंग जरूर चेक की जाए। इस दौरान एक महिला ने एसपी से मिलकर छात्राओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर आभार जताया ।नेशनल स्कूल के पास चौकी इंचार्ज को लगाई फटकारइसके बाद एसपी पुलिस बल के साथ नेशनल स्कूल पहुंचे। यहां स्कूल गेट के सामने लगी दुकान और सीसीटीवी को चेक करने के निर्देश दिए गए। समय पर मौके पर न पहुंचने पर अंजान चौकी इंचार्ज को एसपी ने फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि स्कूल छुट्टी के समय पुलिस की गश्त अनिवार्य होनी चाहिए। छात्राओं से सीधे पूछे सवाल, भरोसा दिलायाएसपी ने नेशनल स्कूल के अंदर जाकर कक्षाओं में छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उन्हें परेशान तो नहीं करता। एसपी ने कहा कि यदि कोई भी युवक परेशान करता है

# 50 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जेवर पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार




जेवर , जेवर पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ा गया और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 7 मई 2024 को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने जेवर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि अभियुक्तों ने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड तैयार कर शिकायतकर्ता के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा किया। इसके बाद, अभियुक्तों ने खुद को जमीन का मालिक दर्शाते हुए गौतमबुद्धनगर के जेवर तहसील के ग्राम अमरपुर पालका स्थित भूमि का धोखाधड़ी से बैनामा करा लिया। इस मामले में जेवर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान, अलवर ( राजस्थान ) के खैरथल-तिजारा जिले के टपूकड़ा थाना क्षेत्र निवासी गुरदीप सिंह का नाम सामने आया। पुलिस जांच में पता चला कि गुरदीप सिंह इस पूरे फर्जीवाड़े का मुख्य आरोपी है, जिसने जमीन की बिक्री के बाद अपने और अन्य खातों से तुरंत धनराशि निकाल ली थी। घटना के बाद से ही गुरदीप सिंह फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट और बीएनएसएस की धारा 84/85 के तहत कार्रवाई के आदेश जारी किए गए थे। गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस आयुक्त ( कानून एवं व्यवस्था ) ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

# दो साइबर ठग गिरफ्तार

**पर्सनल लोन के नाम पर फर्जी सेंक्शन लेटर भेजकर ठगी करते थे**

अमन लेखनी समाचार





गौतम बुद्ध नगर ,नोएडा की साइबर क्राइम पुलिस ने पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर फर्जी सेंक्शन लेटर भेजकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये ठग निजी कंपनियों से प्राप्त डेटा का दुरुपयोग कर लोगों को निशाना बनाते थे ।साइबर क्राइम पुलिस ने एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हिमांशु दुबे और हिमांशु के रूप में हुई है। इन्हें खोड़ा कॉलोनी ( गाजियाबाद ) और न्यू अशोक नगर ( दिल्ली ) से पकड़ा गया ।डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि आरोपी पहले नोएडा की एक कंपनी में साथ काम करते थे, जहां से उन्होंने डेटा चुराया था। वे लोन के जरूरतमंद लोगों को पर्सनल लोन दिलाने का झांसा देते थे और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे ठगते थे। आरोपी पीड़ितों से फोन पर बात कर लोन अप्रूवल के नाम पर पैसे लेते थे और फर्जी लोन सेंक्शन लेटर व्हाट्सएप पर भेजते थे। कुछ दिनों बाद वे इन फर्जी दस्तावेजों को डिलीट कर देते थे और ठगी की रकम आपस में बांट लेते थे। हिमांशु दुबे ने ठगी की कमाई से हाल ही में एक गूगल पिक्सल मोबाइल फोन खरीदा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम और पते इस प्रकार हैं:

हिमांशु दुबे पुत्र कपिल देव दूबे, निवासी मधु बिहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद ( मूल पताः करनैलगंज, जिला गोंडा )। हिमांशु पुत्र नरेंद्र, निवासी न्यू अशोक नगर, थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली ( मूल निवासीः जिला मेरठ )।

# टेम्पो चालक और उसके दोस्त ने दो युवकों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा में रास्ते से नहीं हटने पर विवाद, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद**

अमन लेखनी समाचार



७गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में रास्ते से नहीं हटने पर दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। एक टेम्पो चालक और उसके दोस्त ने दो युवकों को बेरहमी से पीटा। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह घटना इकोटेक-3 थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव की है। पीड़ित सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ गांव के रास्ते पर खड़े होकर बात कर रहा था। तभी एक टेम्पो से दो युवक उतरे और उन्होंने बिना किसी बात के मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सोनू और उसके दोस्त को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और फिर जमीन पर गिराकर भी जमकर पीटा। मारपीट करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि, पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह दबंगों ने दोनों युवकों को गिरा-गिराकर पीटा। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## संक्षेप

### मौसम ने मारी पलटी ठण्ड से ठिठुरे लोग

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गुरुवार को मौसम के अचानक पलटी मार देने से शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। नगर पंचायत के अलाव दिन में गायब रहने से लोगों को शीतलहर से बचने के लिए खुद के अलाव का सहारा लेना पड़ा। दिन भर लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं होने से पशु पक्षी बेहाल रहे। बुधवार को सुबह से चटख धूप खिलने के बाद गुरुवार को मौसम बिगड़ गया। भीषण कोहरे के साथ शीतलहर चलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं हो सके। तापमान लुढकने से लोग दिनभर ठंड से ठिठुरते नजर आए। नगर पंचायत के अलावा प्रमुख स्थानों से दिन में गायब रहे। लोगों खुद के अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने को मजबूर होना पड़ा।

### नवनियुक्त बसपा जिलाध्यक्ष का कस्बे मे हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बसपा धरातल मे अपने संगठन को मजबूत बनाने मे जुटी है। इसी के तहत बसपा ने जिले की कमान अब छोटेलाल वर्मा को सौपी है। कस्बे मे आने पर बसपा जिलाध्यक्ष का बसपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। बसपा सुप्रीमो के आदेश पर जिले की कमान अब राघवेन्द्र अहिरवार की जगह छोटेलाल वर्मा को दी गयी है। प्रथम बार कस्बे मे आने पर बसपाइयों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती जी का चित्र भेंटकर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बिहारीलाल वर्मा, डा. जीतेन्द्र सागर, रामबाबू वर्मा, बाबूराम, श्रीराम प्रजापति, दीपू वर्मा, राकेश श्रीवास, आशादीन वर्मा, भूरा श्रीवास, राकेश कुमार चक, धनीराम, सीताराम, जयप्रकाश वर्मा, गोपाल पाल आदि ने जोरदार स्वागत किया।

# अनूठी पहल : ग्रामीण क्षेत्रों में घर बैठे मिलेंगी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं

**सीएमओ गुरुग्राम डॉ. अलका सिंह ने किया मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ**

**दूरदराज के गांवों में पहुंचेगी मोबाइल मेडिकल यूनिट, जांच व परामर्श की मिलेगी सुविधा**

अमन लेखनी समाचार



गुरुग्राम (हरियाणा)। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर बैठे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के सहयोग से एक अनूठी पहल की गयी है। इसके तहत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन कार्यालय गुरुग्राम से मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ किया गया। चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मोबाइल मेडिकल यूनिट को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सिविल सर्जन डॉ. अलका सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं से कोई भी वंचित न रहने पाए, इसी सोच के साथ यह पहल की गयी है। इसकी शुरूआत जनपद के सोहना और पटौदी विकास खण्डों में की गयी है। इन दोनों विकास खण्डों में एक-एक मोबाइल मेडिकल यूनिट तैनात रहेंगी। इस मौके पर डॉ. अलका सिंह ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट चयनित गांवों में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार पहुंचकर ग्रामीणों के सामान्य रोगों की जांच करेगी और परामर्श प्रदान करेगी। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर रेफर की भी सुविधा प्रदान करेगी। इसके तहत रक्तचाप, मधुमेह व अन्य सामान्य रोगों की जांच पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ ही मातृ व शिशु स्वास्थ्य परामर्श पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा समुदाय स्तर पर आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी बनाने में भी सहयोग किया जाएगा। इस पहल से जहां लोगों को इलाज पर अपनी गाढ़ी कमाई नहीं खर्च करनी पड़ेगी वहीं उनका कीमती समय भी बचेगा। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को जहाँ मजबूती मिलेगी वहीं समय से जांच व इलाज की सुविधा मिलने से बीमारी भी गंभीर रूप नहीं ले पाएगी। इस पहल के तहत स्वास्थ्य जागरूकता पर ध्यान देने के साथ ही समुदाय स्तर पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचने के बारे में भी प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। विकास खंड के जिन गाँवों में स्वास्थ्य सुविधा की समुचित पहुँच नहीं है उन गांवों को इसके तहत प्राथमिकता दी जाएगी। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज गर्ग ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट्स हरियाणा के दूरदराज और कम सुविधा वाले इलाकों में हेल्थकेयर तक पहुंच की कमी को पूरा करने में बहुत ही सहायक साबित होंगी। यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए पूरी तरह से फायदेमंद साबित होने के साथ ही यह यूनिट्स नियमित हेल्थ कैंप और पीरियड्स के दौरान साफ-सफाई के प्रबंधन के बारे में जागरूकता लाने में भी मददगार साबित होंगी। इस मौके पर निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी की वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड (एचआरबीपी/सस्टेंबिलिटी) प्रियंका शर्मा ने कहा कि परियोजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ओपीडी सेवाएं, प्राथमिक उपचार, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं एनीमिया की जांच, परामर्श सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही प्रजनन, महिला एवं बाल स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच), किशोर-किशोरी परामर्श, स्वच्छता, पोषण एवं गैर-संचारी रोगों से संबंधित जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएँगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीएसआई इंडिया के डिप्टी डायरेक्टर समरेन्द्र बेहरा आदि उपस्थित रहे।

**सरपंच ने की तारीफ :**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से रवाना होने के बाद सोहना विकास खंड के गाँव रिथोज में पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट से ग्रामीणों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की सरपंच कप्तान रामवीर सिंह ने जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्या का आसान निदान संभव हो पायेगा।

## बीमा क्षेत्र में 100% FDI के विरोध में उतरे हरदोई के बैंक और बीमा कर्मी, दी आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश सबका बीमा सबकी सुरक्षा विधेयक 2025 के खिलाफ गुरुवार को हरदोई में बीमा और बैंक कर्मियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आवास विकास स्थित एलआईसी कार्यालय परिसर में भोजनावकाश के दौरान बैंक एवं बीमा संगठनों ने संयुक्त रूप से केंद्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने के प्रस्ताव को राष्ट्रहित के विरुद्ध बताया।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के संयोजक राकेश पाण्डेय ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता की घरेलू बचत पर विदेशी पूंजी का नियंत्रण किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं किया जाएगा। उन्होंने तर्क दिया कि जब पहले से मौजूद 74% एफडीआई सीमा का ही पूर्ण उपयोग नहीं हो रहा है, तो इसे 100% करने का कोई तार्किक आधार नहीं है।

एआईआईईए के सचिव विनय पाल और एबाक नेता अनूप सिंह ने आशंका जताई कि विदेशी कंपनियां केवल मुनाफे पर ध्यान देंगी, जिससे निम्न व मध्यम वर्ग की सामाजिक सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस विधेयक को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।इस विरोध प्रदर्शन में पवन मिश्रा, संचित श्रीवास्तव, आशीष शर्मा और अनीता सिंह समेत दर्जनों कर्मचारी शामिल रहे। यह प्रदर्शन देशव्यापी विरोध श्रृंखला का एक हिस्सा था, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की आर्थिक संप्रभुता को बचाने की मांग प्रमुख रही।

## आलाव तपते शिक्षक परीक्षा केंद्र में नहीं आये परीक्षार्थी

अमन लेखनी समाचार

खड़ेही लोधन (हमीरपुर) बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी की चल रही के विषम सेमेस्टर की परीक्षाए शांति पूर्वक एवम सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई जा रही है वही स्वर्गीय बाबूराम महाविद्यालय बिगहना में शाम पाली को एक छात्र की परीक्षा होनी थी छात्र परीक्षा देने नही आया कालेज प्रशासन दो घण्टे करता रहा छात्र का इंतजार कस्बा बिवांर में संचालित हीरानन्द पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ अभिनंदन सिंह ने बताया की गुरुवार की सुबह पाली में आयोजित हुई बीएससी पंचम सेमेस्टर विषय बनस्पति विज्ञान की परीक्षा के लिए 18 छात्राएं पंजीकृत थी जो सभी शामिल रही।दोपहर पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर माइनर विषय प्रारंभिक गणित व बीएससी तृतीय सेमेस्टर भारतीय संस्कृति का इतिहास में कुल 2 छात्राओ ने अपनी परीक्षा दी। वही गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली के प्राचार्य डॉ लोकेंद्र पांडेय ने बताया कि गुरुवार को दोपहर पाली में सम्पन्न हुई बीए तृतीय सेमेस्टर माइनर विषय प्रारम्भिक गणित की परीक्षा के लिए 63 छात्राए पंजीकृत थी जो सभी ने अपनी परीक्षा दी।इसी प्रकार बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के केंद्राध्यक्ष डॉ अरविंद पांडेय ने बताया की सुबह पाली में बीएससी पंचम सेमेस्टर विषय बनस्पति विज्ञान की 4 छात्राओ ने अपनी परीक्षा दी। वही शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर विषय उर्द की परीक्षा के लिए एक छात्र पंजीकृत था जो अपनी परीक्षा देने नही आया जिसके लिए महाविद्यालय में केंद्राध्यक्ष,सहायक केन्द्राध्यक्ष,दो कक्ष निरीक्षक, एक सहायक कक्ष निरीक्षक ,दो आंतरिक उड़ाका दल सहित दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित नौ लोग एक छात्र की परीक्षा कराने के लिए दो घंटे इंतजार करते रहे छात्र अपनी परीक्षा देने परीक्षा केंद्र नही पहुचा तो सभी शिक्षक अलाव में तापते रहे।

## मनरेगा घोटाले का खुलासा,साढे 5 लाख की लागत से निजी खेतों में बने तालाब कागजों तक सीमित

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद। हरदोई ब्लॉक टोडरपुर की ग्राम पंचायत बजरिया में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। निजी खेतों में तालाब खुदाई के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया, लेकिन मौके पर तालाब की जगह आज भी धूल उड़ती नजर आ रही है। तीन तालाबों के निर्माण में करीब साढ़े पांच लाख रुपये खर्च दिखाए गए, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत बजरिया में पूर्व प्रधान द्वारा एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों के खेतों में तालाब खुदाई का कार्य दिखाया गया। पहला तालाब कौशल किशोर पुत्र मगरे लाल के खेत में बनाया जाना दशार्या गया,जिसकी लागत एक लाख 83 हजार 915 रुपये बताई गई। दूसरा तालाब प्रमोद कुमार पुत्र मगरे के खेत में दिखाया गया,जिस पर एक लाख 83 हजार 341 रुपये खर्च होने का उल्लेख है। तीसरा तालाब देशराज पुत्र मगरे के खेत में दशार्या गया, जिसकी लागत एक लाख 74 हजार 870 रुपये दिखाई गई। इन तीनों कार्यों पर कुल मिलाकर लगभग साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। हैरानी की बात यह है कि जिन खेतों में तालाब निर्माण दशार्या गया है, वहां आज भी किसी प्रकार का तालाब मौजूद नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार,न तो कभी खुदाई मशीनें आईं और न ही मजदूरों ने वहां काम किया। केवल कागजों में तालाब खुदाई दिखाकर सरकारी धन का गबन कर लिया गया। खेतों में जहां तालाब होना चाहिए, वहां समतल जमीन और उड़ती धूल इस कथित विकास कार्य की पोल खोल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे घोटाले को अंजाम तत्कालीन ग्राम प्रधान और तत्कालीन ग्राम सचिव की मिलीभगत से दिया गया। मनरेगा के नाम पर मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई, मस्टर रोल तैयार किए गए और बिना काम कराए भुगतान करा लिया गया। जिन लाभार्थियों के नाम पर तालाब दिखाए गए, वे सभी आपस में सगे भाई हैं, जिससे पूरे प्रकरण पर सवाल और गहरे हो जाते हैं। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना और जल संरक्षण जैसे कार्यों को बढ़ावा देना है, लेकिन बजरिया ग्राम पंचायत में इस योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। तालाब निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य,जो किसानों और गांव के लिए जीवनरेखा साबित हो सकते थे,केवल फाइलों तक सीमित रह गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो ऐसे घोटाले आगे भी होते रहेंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और उच्चाधिकारियों से मांग की है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और गबन की गई धनराशि की रिकवरी की जाए। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। यदि जांच हुई तो न केवल ग्राम पंचायत स्तर की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे, बल्कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन की सच्चाई भी सामने आएगी।

## किसानों की मांगों को लेकर भाकियू अंबावता गुट का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई।किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता गुट ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। संगठन के मंडल अध्यक्ष अशोक राठौर लखनऊ से बिलग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी एन.राम को किसानों की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेम सागर सहित संगठन के कई पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।मंडल अध्यक्ष अशोक राठौर ने बताया कि जिले में भीषण ठंड के बावजूद कई जरूरतमंद विधवाओं और बुजुर्गों को अब तक सरकारी कंबल वितरण योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंबल वितरण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है और पात्र लोगों तक सहायता नहीं पहुंच पा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे सभी जरूरतमंदों को जल्द कंबल उपलब्ध कराए जाएं।इसके अलावा उन्होंने चकरोड और सरकारी जमीन से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया। उनका कहना था कि सरकार के निदेशों के बावजूद कई गांवों में वर्षों से कब्जे में चले आ रहे चकरोड अब तक खाली नहीं हो पाए हैं, जिससे किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। साथ ही कुछ स्थानों पर दबंगों द्वारा किसानों की जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। किसानों का आरोप है कि शिकायत करने पर संबंधित अधिकारी मुकदमा दर्ज कराने की बात कहकर मामले को टाल देते हैं।इस संबंध में उपजिलाधिकारी एन. राम ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों की जांच कराकर शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी और समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## लोकतंत्र सेनानियो को एसी वोलवो एवं प्लेटिनम सहित सभी बसों मे एक सहयोगी के साथ यात्रा अनुमन्य

परिवहन विभाग ने जारी किया आदेश

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने एक आदेश जारी करते हुये लोकतंत्र सेनानियो को उनके एक सहयोगी के साथ परिवहन विभाग की सभी तरह की बसों में यात्रा करने की सुविधा प्रदान की है। इससे लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवहन विभाग के मुख्यालय द्वारा सभी क्षेत्रीय प्रबंधक तथा सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र जारी कर कहा गया है कि लोकतंत्र सेनानियों को उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की सभी बसो मे एक सहयोगी के साथ यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। परिवहन विभाग की एसी वोल्वो तथा प्लेटिनम बसो सहित साधारण बसो मे लोकतंत्र सेनानी एक सहयोगी के साथ यात्रा करने के लिये पात्र माने गये है। पत्र मे कहा गया है कि इस प्रकार की शिकायते प्राप्त हुई थी कि एसी बस वाले लोकतंत्र सेनानियो को यात्रा करने मे परेशानी उत्पन्न करते है। लोकतंत्र सेनानियो को परिवहन विभाग की सभी प्रकार की बसो मे एक सहयोगी के साथ यात्रा मे किसी प्रकार की कठिनाई न होने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किया गया है। लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रपाल सचान तथा देवीप्रसाद गुप्ता ने परिवहन निगम के इस आदेश का स्वागत करते हुये सराहना की है।

## नेशनल हेराल्ड केस में कोर्ट के फैसले के बाद प्रदर्शन, बीजेपी दफ्तर जा रहे कांग्रेसी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार करने के बाद, कांग्रेस ने देशभर में आक्रामक रुख अपना लिया है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर आज हरदोई में भी कांग्रेस कार्यकताओं ने बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला।पुलिस ने रास्ते में ही रोका दरसल जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय के नेतृत्व में करीब तीन दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ रोड स्थित बीजेपी कार्यालय का घेराव करने के लिए निकले थे। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने पहले से ही लखनऊ चुंगी के पास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा घेरा सख्त कर रखा था। जैसे ही प्रदर्शनकारी वहां पहुंचे, पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय, वरिष्ठ नेता अजय सिंह और मंजू मित्रा सहित सभी कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया और बस में भरकर पुलिस लाइन ले गई। हिरासत में लिए जाने के बाद विक्रम पांडेय ने सरकार पर तीखा हमला बोला।

## ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड का विस्तार: शोजब जैदी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने अपने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार किया है।इसी क्रम में हरदोई के शोजब जैदी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।यह मनोनयन बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास द्वारा बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साइम मेहदी नकवी की सहमति और मार्गदर्शन में किया गया। इस नियुक्ति से क्षेत्र के समर्थकों में खुशी की लहर है।अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए शोजब जैदी ने कहा, यह जिम्मेदारी मेरे लिए एक बड़ी अमानत और सम्मान की बात है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ बोर्ड की नीतियों पर चलते हुए कौमी एकता, आपसी भाईचारे और समाज के वंचित वर्गों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहूँगा।

## सहकार भारती एवं स्वदेशी जागरण मंच तथा कृषि एवं ग्राम विकास विभाग ब्रह्म कुमारीज द्वारा आयोजित व्यवहारिक बहू स्तरीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर,सुमेरपुर।नजरपुर शौखर रोड सुमेरपुर में सहकार भारती एवं स्वदेशी जागरण मंच तथा कृषि एवं ग्राम विकास विभाग ब्रह्मकुमारीज द्वारा आयोजित व्यावहारिक बहु स्तरीय प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्याम बिहारी गुप्ता अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित किसानों को आज के खानपान से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव करने के लिए अपने क्षेत्र में कृषि की उपज पर की जाने वाली विभिन्न प्रकार की जहरीली उर्वरकों को दोषी बताते हुएकृषिआविष्कारक आकाश चौरसिया ने बताया और कहा कि अगर हम देसी ढंग से गाय के गोबर के द्वारा तैयार की गई खाद का सेवन करें तो हमारी पैदावारी भी अच्छी होगी और हमारी खेती की लाइफ भी आगे तक जाएगी इस कार्यक्रम में गौ आयोग के सदस्य राजेश सेंगर मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता के साथ गौशाला जाकर उपस्थित गौ माता से आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी को अपने घर में काम से कम एक गौ माता रखने की अपील की गई अन्य उपस्थित वक्ताओं ने भी उपस्थित किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक विधियों द्वारा कीट नियंत्रण, बहुमंजिला कृषि प्रायोगिक अभ्यास, कम पानी एवं विधियों द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी, के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी इस प्रशिक्षण में डॉ देव सिंह ने सभी उपस्थित आगंतुकों का आभार व्यक्त किया इस प्रशिक्षण में दुष्यंत सिंह परिहार स्वदेशी जागरण मंच जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव मनोज सिंह ज्ञानवेंद्र सिंह रोहित सिंह खान साहब सुदीप खरे अनुपम श्रीवास्तव अरविंद दुबे के अलावा दूर दराज से आए किसान एवं ग्राम प्रधान तथा समाजसेवी उपस्थित रहे।

## श्री राजा राम इन्टर कालेज में भोज के बाद संतों को कंवल वितरण किए

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव में हो रही यज्ञ के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। तथा संतो को कंबल भेंटकर बिदाई दी गई।क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित श्री राजाराम इंटर कालेज में यज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ के समापन अवसरपर भंडारे का आयोजन किया गया। तथा सबसे पहले यज्ञ में पधारे संत समाज को भोजन कराया गया। इसके बाद उन्हें ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व चेयरमैन हमीरपुर कुलदीप निषाद द्वारा कंबल भेंट कर विदाई दी गई। इसके बाद भंडारे का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद गृहण किया। इस अवसर पर आसपास के गांवों के लोगों ने प्रसाद गृहण किया।

## जल संसाधन मंत्री से इंगोहटा गांव को नमामि गंगे योजना से जोड़ने की मांग

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में जल निगम की पानी की टंकी से पूरे गांव में पेयजल की आपूर्ति न होने से त्रस्त ग्रामीणों ने जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर गांव को नमामि गंगे योजना से जोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे सभी ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।धर्म प्रसार विहिप के जिला प्रमुख ज्ञानेश दीक्षित ने जलशक्ति मंत्री को भेजे पत्र में बताया है कि इंगोहटा गांव की आबादी 20 हजार से अधिक है, लेकिन जल निगम की टंकी से केवल आधी आबादी को ही पानी मिल पा रहा है। जल निगम अक्सर मोटर का लोड न ले पाने का बहाना बनाकर पूरे गांव में पेयजल की सप्लाई नहीं दे रहा हैं। जिससे ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि नमामि गंगे योजना के तहत पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने से गांव की पूरी आबादी को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। योजना का लाभ लेकर न केवल पेयजल संकट दूर होगा, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी कम होंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या ने ग्रामीण जीवन को कठिन बना दिया है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी लाने के लिए भटकना पड़ता है। विहिप धर्म प्रसार प्रमुख सहित ग्रामीणों ने इंगोहटा गांव को नमामि गंगे योजना से जोड़ने की मांग की है।

## एस आई आर अभियान विशेष गहन पुनरीक्षण की हुई समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। गुरुवार हमीरपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण (रकफ) अभियान की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अभियान की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई और आगे की कार्यवाही एवं आगामी लक्ष्यों पर चर्चा भी की गई जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी की जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कहा कि इस अभियान को महत्वपूर्ण समझते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत के साथ कार्य करें ताकि कोई ऐसा व्यक्ति ना हो जो की धोखे से भी गलत जुड़ जाए और उसके जूड़ने से हम सभी को आगे समस्या खड़ी हो जाए और ऐसा भी व्यक्ति ना रह जाए जो की यहां का रहने वाला हो और उसकी छोटी सी भी अज्ञानता के कारण जुड़ने से वंचित हो जाए इसलिए बूथ से लेकर मंडल एवं जनपद स्तर तक लगाए गए जिम्मेदार लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि इस कार्य को महत्वपूर्ण कार्य समझते हुए कार्यरत बी एल ओ के साथ तालमेल बैठाकर गलत लोगों के नाम हटाकर सही लोगों के नाम जोड़ने का कार्य किया जाए इस बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सदस्य सरस्वती शरण द्विवेदी कुरारा ब्लाकप्रमुख आशीष पालीवाल राठ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया लक्ष्मी रतन साहू मौदहा ब्लॉक प्रमुख लाला राम निषाद किशन व्यास अरविंद श्रीवास्तव नीलम बाजपेई साधना सिंह उत्तम सिंह एवं बीजेपी पदाधिकारी और देवतुल्य कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

## महाराणा प्रताप सेना के अध्यक्ष ने भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई



अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार ने शिष्टाचार भेंट कर उनके निर्वाचन पर बधाई दी। इस अवसर पर महाराणा प्रताप सेना ने आगामी राज्यों के चुनावों में भाजपा को पूर्ण समर्थन देने तथा संगठनात्मक शक्ति के साथ कमल खिलाने और भाजपा की सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब पेट में बार-बार महसूस होता हो दर्द



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मुझे सप्ताह में एक दो बार अपने पेट के बाईं तरफ दर्द महसूस होता है, फिर कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया इसका उपचार बताएं।**

**-प्रकाश, बिलासपुर**

पेट में इस तरह के दर्द के कई कारण हो सकते हैं। कई बार संक्रमण की वजह से ऐसा होता है तो कई बार पाचन क्रिया प्रभावित होना भी इसकी वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों में स्टोन की वजह से भी कभी-कभी दर्द उठता है, इसलिए एक बार डॉक्टर से संपर्क करना ही बेहतर रहेगा। जांच करने के बाद ही इसकी वजह पता चलेगी और इलाज किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का फास्ट फूड और अधिक ऑयली फूड खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का बना सादा खाना ही खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में अकसर मेरे चेहरे पर सूजन हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?**

**-सेवाराम, महेंद्रगढ़**

आपने यह नहीं बताया कि आपको शुगर की समस्या तो नहीं है। क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने की वजह से सूजन आ जाती है। सर्दियों के मौसम में फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती हैं और शुगर लेवल बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो आपको डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। अगर शुगर समस्या नहीं है तो भी आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा वह फिजिकल एग्जामिन करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मुझे बार-बार भूख महसूस होती है। प्लीज बताएं भूख और वेट कैसे कंट्रोल करूं?**

**-भवेश, रायपुर**

सबसे पहले आप शुगर की जांच कराएं। कई बार शुगर बढ़ने के बाद भूख बहुत लगती है। हालांकि आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो इसकी वजह थायरॉइड भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच किए कुछ कहना ठीक नहीं है। आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। लगभग साल भर से मेरे मुंह में छाले होते रहते हैं। ठीक होकर फिर हो जाते हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सुनील किशोर, ईमेल से**

अगर लगातार छाले रहते हैं तो यह ठीक नहीं है। आप इसे हल्के में ना लें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे आपकी कुछ जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा ये छाले नॉर्मल है या और भी वजह है क्योंकि कई बार गंभीर बीमारी के भी लक्षण हो सकते हैं। इसलिए बगैर देर किए आप डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मुझे कभी कब्ज तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। इसका स्थाई निदान बताएं।**

**-मनोहर, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है, जिस वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। इसके लिए सबसे पहले आप बाजार का खाना और पैक्ड फूड्स खाना बिल्कुल बंद कर दें। घर का खाना खाएं। दोपहर में खाने के साथ दही और सलाद जरूर खाएं। रात का खाना बिल्कुल हल्का खाना चाहिए। खाने और सोने के बीच में 3 घंटे का गैप जरूर होना चाहिए। इन बदलावों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं ये कैसे ठीक होंगे?**

**-कुणाल, दुर्ग**

इसके निशान धीरे-धीरे जाते हैं। कई बार गहरे निशान हुए तो लंबा समय लग जाता है। हालांकि कई बार निशान जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे एग्जामिन करके यह बताएंगे कि दाग जाने लायक है या नहीं है और अगर है तो उसके लिए ट्रीटमेंट शुरू कर देंगे। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. प्रवीण कहाले
कार्डियोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सर्दी का मौसम हार्ट पेशेंट्स के लिए काफी रिस्की होता है। इसलिए इस दौरान पेशेंट्स और उनके परिजनों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डॉक्टर से रेग्युलर चेकअप, दवा लेने के साथ और किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# सर्दी के मौसम में हार्ट पेशेंट्स ना बरतें जरा भी लापरवाही







हालांकि हर मौसम में दिल की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है, किंतु सर्दियों के मौसम में इस संदर्भ में विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आमतौर पर सर्दियों में अन्य मौसमों की तुलना में रक्त में कहीं ज्यादा गाढ़ापन आ जाता है, जिससे रक्त में थक्का (क्लॉट) बनने लगता है। हार्ट अटैक के ज्यादातर मामले रक्त के थक्कों के बनने से होते हैं। ऐसे थक्के हृदय की धमनियों या रक्त नलिकाओं के मार्ग को बाधित करते हैं, जो कालांतर में दिल के दौरे का कारण बनते हैं।

इसके अलावा, तापमान में गिरावट का दुष्प्रभाव हृदय की धमनियों (कोरोनरी आर्टरीज) पर भी पड़ता है, जिस कारण वे सिकुड़ जाती हैं। ऐसी स्थिति में रक्त संचार प्रक्रिया के दौरान धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का दबाव ज्यादा पड़ता है, यह स्थिति उच्च रक्तचाप को बढ़ाती है।

## हाई बीपी में लापरवाही न बरतें

इंडियन हार्ट एसोसिएशन (आईएचए) के अनुसार उच्च रक्तचाप यानी हाई बीपी, हार्ट अटैक का एक प्रमुख कारण है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार गर्मियों की तुलना में सर्दियों में दिल के दौरों के मामले लगभग 26 फीसदी से अधिक बढ़ जाते हैं। जब धमनियों की आंतरिक दीवार पर रक्त संचार का दवाब 140/90 के पार पहुंच जाता है तो यह स्थिति उच्च रक्तचाप कहलाती है। इस कंडीशन में लापरवाही न बरतें।

## इन लक्षणों पर दें ध्यान



- सीने में भारीपन या दर्द महसूस होना।
- बिना कारण बेचैनी होना।
- बार-बार चक्कर आना।
- बार-बार पसीना आना।
- सांस तेज लेना या फिर सांस फूलना।
- सिर भारी होना या सिरदर्द।

## हाई बीपी पर नियंत्रण जरूरी

वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार अकसर तनावग्रस्त रहना, उच्च रक्तचाप को बुलावा देना है। उच्च रक्तचाप अस्वास्थ्यकर जीवनशैली (समुचित खान-पान और व्यायाम का अभाव और नकारात्मक सोच-विचार) का नतीजा है, जो कालांतर में हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए इन सुझावों पर अमल करें।

- असहज महसूस करने पर ब्लड प्रेशर चेक करें।
- अपने रक्तचाप को 120/80 रखने का प्रयास करें। इस संबंध में डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- जंक फूड्स से परहेज करें।
- आहार में हरी सब्जियों और फलों को वरीयता दें।
- आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति को प्रतिदिन अपने भोजन में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए 5 ग्राम (आधी छोटी चम्मच) से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए।
- दिनचर्या में योगासन, प्राणायाम, व्यायाम और शारीरिक श्रम से संबंधित अन्य गतिविधियों को शामिल करें।

## क्यों होते हैं हार्ट अटैक

हृदय में तीन प्रमुख धमनियां (आर्टरीज) होती हैं। जब इन तीनों में से किसी एक में या फिर अन्य में कई कारणों (जैसे धमनियों की आंतरिक दीवारों पर रक्त का थक्का जमने से धमनियों में अवरोध या ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है) से अचानक रक्त संचार रुक जाता है, तो इस स्थिति में दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और उसकी कार्य प्रणाली ठप होने लगती है। इसी तरह एक अर्से तक अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करने से धमनियों की आंतरिक दीवारों पर प्लाक (एक प्रकार की वसा) संचित हो जाता है, जिसके कारण भी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं और दिल को ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। यह स्थिति दिल का दौरा कहलाती है। समस्या की पहचान के लिए ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, एंजियोग्राफी, लिपिड प्रोफाइल और रक्त परीक्षण आदि जांचें की जाती हैं।

## हार्ट अटैक के लक्षण

सीने में तेज दर्द होना, जो कंधे, बाजू और पीठ के पीछे तक जा सकता है। असहनीय बेचैनी होना और पसीना आना आदि।

## समस्या का निदान



धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए इंजेक्शन लगाए जाते हैं। इसके अलावा अगर तीनों धमनियों में अवरोध 70 प्रतिशत से कम है तो एंजियोप्लास्टी की जा सकती है और कुछ मरीजों में जरूरत पड़ने पर बाईपास सर्जरी भी। इस संदर्भ में प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार उसके इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

## सर्दी के मौसम में दें ध्यान

- जो लोग पहले से ही उच्च रक्तचाप या हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें सर्दियों में धूप निकलने के बाद ही टहलने जाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि सुबह के वक्त वातावरण का तापमान कम होने से अत्यधिक ठंड होने के कारण धमनियों के सिकुड़ने का खतरा ज्यादा रहता है और यह स्थिति हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।
- डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। बहुत संभव है कि सर्दियों में डॉक्टर आपकी दवाओं की डोज को नए सिरे से सुनिश्चित करें।
- सर्दियों में आलस्य के कारण अनेक लोग अपने व्यायाम कार्यक्रम को स्थगित कर कंबल-रजाई में लिपटे रहना चाहते हैं, या फिर व्यायाम या शारीरिक परिश्रम के लिए समुचित समय नहीं निकालते। यह प्रवृत्ति सेहत के लिए ठीक नहीं है।
- सर्दियों में एक्सपोजर से स्वयं को बचाएं। पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलें।
- शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं। सर्दियों में एक बड़ी संख्या में लोग शराब और धूम्रपान के कहीं ज्यादा तलबगार हो जाते हैं। हालांकि डॉक्टर्स के अनुसार शराब और धूम्रपान का सेवन किसी भी मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं है।
- सर्दियों में खून के गाढ़ा हो जाने का खतरा बढ़ जाता है, जिसके कारण धमनियों में रक्त के थक्के जमने लगते हैं। यह स्थिति हाई बीपी का कारण बन सकती है। इससे बचने के लिए अपने डॉक्टर द्वारा प्रिसक्राइब्ड ब्लड थिनर दवा लें।
- लहसुन रक्त को पतला करने वाला एक कुदरती ब्लड थिनर है, जिसका सेवन दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

### डायबिटिक पेशेंट्स को ज्यादा रिस्क



**वर्ल्ड डायबिटीज** फेडरेशन के अनुसार, रक्त शर्करा के अनियंत्रित रहने से कालांतर में हृदय रोग होने का जोखिम उन लोगों की तुलना में दोगुना बढ़ जाता है, जो इन समस्याओं से ग्रस्त नहीं हैं। इसलिए डायबिटिक रोगी कुछ बातों का ध्यान रखें। जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने ब्लड शुगर को डॉक्टर से परामर्श लेकर नियंत्रित रखना चाहिए। मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अपने डॉक्टर के परामर्श के अनुसार दवाएं लें और सक्रिय जीवनशैली पर अमल करें। मधुमेह से ग्रस्त लोगों को साइलेंट हार्ट अटैक होने का जोखिम ज्यादा रहता है। साइलेंट हार्ट अटैक की मेडिकल कंडीशन में पीड़ित व्यक्ति को हार्ट अटैक से संबंधित लक्षण आमतौर पर महसूस नहीं होते। जैसे ऐसे लोग सीने में तेज दर्द या बेचैनी, चक्कर आना आदि महसूस नहीं करते, लेकिन किसी न किसी रूप में स्वयं को असहज महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर संभव हो, तो पीड़ित व्यक्ति के परिजनों को उसका ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर चेक करना चाहिए या फिर अतिशीघ्र डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

# सर्दी से दिलाए राहत मुलेठी की गर्माहट





सर्दियों में मुलेठी (लिकोराइस) का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। सर्दियों में मुलेठी हमारे शरीर को एक नहीं अनेक तरह से राहत पहुंचाती है। यह गले के संक्रमण से बचाव करती है, संक्रमित गले को ठीक करती है, आवाज बैठ जाए या सूखी खांसी का सिलसिला न बंद हो तो मुलेठी ही कारगर होती है। मुलेठी में एंटीइंफ्लेमेट्री और डिमल्सेंट गुण होते हैं, जो गले पर एक स्मूदिंग परत बनाते हैं ताकि गले की जलन कम हो और खांसी में आराम मिले। यह आपकी आवाज को सुचारु रूप से कामकाजी बनाए रखने के लिए और गले की खुश्की को सुधारने में भी सहायक होती है।

**बढ़ाती है इम्यूनिटीः** मुलेठी में ग्लायसिराइजिन यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए सर्दियों में बार-बार होने वाली वायरल कोल्ड से बचने में मुलेठी कारगर मानी जाती है। यह हमारे श्वसन तंत्र के लिए भी फायदेमंद है। ठंड में कई बार सांस की नली में कफ जम जाता है, ऐसे में विशेषकर उन लोगों को जो अस्थमा जैसी समस्याओं के शिकार होते हैं, मुलेठी बहुत फायदेमंद साबित होती है, क्योंकि कफ को पतला करती है, म्यूकस मेंब्रेन को शांत करती है, छाती जकड़न में राहत देती है और शरीर की गर्माहट बनाए रखने में मददगार होती है। भारी सर्दियों में शरीर को होने वाले तनाव से भी मुलेठी बचाती है और इस मौसम में होने वाली थकान, कमजोरी या ठंड से ऐंठन में मुलेठी मदद करती है।

**पाचनतंत्र को रखे सहीः** सर्दियों में जब हम भारी-भरकम, तले-भुने भोजन अधिक खा लेते हैं तो पेट में जलन पैदा होती है। गैस होती है और अपच की समस्या घेर लेती है। इनसे बचाव का रामबाण तरीका मुलेठी है। यह हमारे पाचनतंत्र को शांत करती है और म्यूकोसा लाइनिंग को हील करती है। त्वचा को रूखेपन से भी मुलेठी बचाती है, क्योंकि मुलेठी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट त्वचा की ड्राइनेस को कम कर देते हैं।

**ऐसे करें सेवनः** मुलेठी को लेने का सबसे आसान तरीका यह है कि इसे मुंह में डालकर चूसते रहें। एक छोटा टुकड़ा पूरे दिन में एक या दो बार डालें और उसे दांतों से दबा-दबाकर चूसते रहें या फिर मुलेठी की चाय पीना भी मुलेठी लेने का एक बढ़िया तरीका है। आधा चम्मच मुलेठी पावडर या एक छोटे टुकड़े मुलेठी को एक कप पानी में हल्का उबालकर पिएं या फिर तुलसी, अदरक और कालीमिर्च के साथ उसका काढ़ा बनाएं, वो बहुत कारगर होता है। चाहें तो बाजार से मुलेठी का पाउडर खरीद लें, लेकिन बिना डॉक्टर के सलाह इसका इस्तेमाल न करें। *

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

गर्मी की तुलना में सर्दी में लोग कम पानी पीते हैं। लेकिन शरीर में जरूरत के अनुसार हाइड्रेशन मेंटेन रहे, इसके लिए आपको कॉन्शस रहना होगा। विंटर सीजन में हाइड्रेशन मेंटेन करने के कुछ तरीकों के बारे में जानिए।

# सर्दी में ऐसे मेंटेन रहेगा हाइड्रेशन



गर्मी में तो हम धूप और पसीने से बेहाल होने पर जब प्यास लगती है तो पानी पी लेते हैं। लेकिन सर्दी के मौसम में प्यास न लगने पर अकसर पानी बहुत कम पीते हैं। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन की शिकायत हो सकती है और कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। सर्दियों में पानी पीने की इच्छा कम होती है, इसलिए आपको कुछ ट्रिक्स अपनानी चाहिए, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो सके।

**ज्यादा सलाद खाएंः** इन दिनों बाजार में सब्जियों और फलों की बहार है। तरह-तरह की सब्जियां और फल अपनी डाइट में शामिल करें। दिन में कम से कम 3-4 सर्विंग फ्रूट सलाद या वेजीटेबल सलाद की लें। कच्ची सब्जियां (टमाटर, मूली, खीरा) पोषक तत्वों और पानी से भरी होती हैं। इसी प्रकार



अनार, संतरा आदि न सिर्फ प्रचुर फाइबर और पोषक तत्वों बल्कि पानी की कमी भी पूरी कर सकते हैं।

**पानी पीने का शेड्यूल बना लेंः** अपनी कुछ गतिविधियों के साथ पानी पीने की आदत को जोड़ दें। जैसे ऑफिस पहुंचते ही दोपहर को लंच से आधा घंटा पहले। घर पहुंचते ही एक ग्लास पानी पिएं। इसके अलावा कुछ अन्य एक्टिविटीज से भी इसे जोड़ लें। दिन में दो-तीन बार रिफ्रेश होने के लिए पानी पिएं और सबसे अहम है सुबह की शुरुआत एक लीटर गुनगुना पानी से करें। यह पानी रात में तांबे के बर्तन में रखा हो, तो और फायदेमंद होगा।

**हर्बल चाय लेंः** कैफीन शरीर का डिहाइड्रेशन करता है। इसलिए इस मौसम में चाय या कॉफी ज्यादा पीने से बचें। इनकी बजाय आप तरह-तरह की हर्बल-टी ट्राई कर सकते हैं। कैनोमाइल, रोज या मिंट-टी का स्वाद आपको खूब भाएगा। इसमें मीठे के लिए चीनी की बजाय शहद डालें। इससे आपको नई ऊर्जा, स्फूर्ति और हाइड्रेशन तीन तरफा फायदा मिलेगा। सीमित मात्रा में गर्म पेय जैसे गर्म पानी, अदरक, तुलसी की चाय या सूप पिएं। ये शरीर को गर्म रखते हैं और हाइड्रेशन में मदद करते हैं।

**चाय नहीं नीबू पानीः** शाम को ठंडी हवाओं के बीच भले ही आपका मन चाय-कॉफी पीने का करता हो, लेकिन आप अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए एक गिलास गुनगुने पानी में



नीबू का रस मिलाकर पिएं तो बेहतर होगा। इससे हाइड्रेशन तो होगा ही साथ ही इम्यूनिटी सिस्टम स्ट्रांग होगा, सर्दी-जुकाम से बचाव होगा और गले की सूदिंग भी होगी। इसमें जरा-सा काला नमक भी मिला सकते हैं।

**पिएं नारियल पानीः** सॉफ्ट ड्रिंक हानिकारक तत्वों, चीनी आदि से भरे होते हैं। प्यास बुझाने के लिए इनका सेवन भूलकर भी न करें। इनकी बजाय नारियल पानी, छाछ, दही आदि फायदेमंद पेय का सेवन करें। नारियल पानी आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स लेवल को ठीक करेगा और दही-छाछ पाचन को दुरुस्त करेंगे।

**पानी को दें नया स्वादः** पानी में पुदीने की पत्तियां, तरबूज के स्लाइस, खीरे के टुकड़े आदि डालकर इसे नया टेस्ट दे सकते हैं। यह टेस्टी लगेगा और फायदेमंद भी रहेगा। आप अपनी पानी की बोतल में नीबू, अदरक या दालचीनी डालकर भी पी सकते हैं। *

**(न्यूट्रिशनिस्ट पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

# सस्ती कनेक्टिविटी का पैकेज

महंगी कनेक्टिविटी के कारण हिमाचल अपनी पर्यटन क्षमता का दोहन नहीं कर पा रहा है। प्रमुख पर्यटक स्थलों के फासले इतने बढ़ जाते हैं कि युवा पर्यटक अंतरराष्ट्रीय नक्शे पर सस्ती कनेक्टिविटी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन खोज लेता है। अब पर्यटक स्थल का सबसे अहम पैकेज उसकी सस्ती कनेक्टिविटी, स्थानीय यात्रा सेवाएं, फूड, सुकून तथा स्टे के आधार पर निर्भर करती हैं। बेशक हिमाचल में निजी क्षेत्र की दौड़ ने पर्यटन सुविधाओं की मंडी सजा ली है, जहां महंगे-सस्ते या बजट ऑफर उपलब्ध हैं। सुकून की वादियां अब मुख्य धारा के पर्यटक को नित नई घाटियों, दुर्गम क्षेत्रों और सुकून से भरे ग्रामीण या कबाइली परिवेश में ले जा रही हैं। यानी कि पर्यटन के अंदरूनी छोर तो बढ़ गए, लेकिन आवाजाही के खर्च कम नहीं हुए। देश-विदेश से अगर सैलानी बुलाने हैं, तो हिमाचल के कनेक्टिंग डेस्टिनेशन चिन्हित होने चाहिएं। अभी ट्रेन की मंजिलें अंब-अंदौरा, कालका या पठानकोट में आकर अवरुद्ध हो जाती हैं। कुल्लू और शिमला एयरपोर्ट की फ्लाइट्स सीजन और लागत के हिसाब से फ्रीज हो जाती हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट संभावनाओं के बड़े अक्स में अभी तक खचीर्ला विकल्प है। ऐसे में टूरिज्म विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार की कोशिश से अगर शिमला-कुल्लू हवाई अड्डों पर एलायंस एयर लाइन के पंख खुलते हैं, तो ये कनेक्टिविटी के सफल आयाम हो सकते हैं। शिमला के प्रवेश द्वार से धर्मशाला और कुल्लू की नियमित उड़ानों का संघर्ष वायविलिटी गैप फंडिंग में फंसा है। सरकार अपनी ओर से ग्यारह करोड़ के नुकसान की भरपाई कर रही है, लेकिन एलायंस एयरलाइंस की मांग भी उड़ान पर है यानी ग्यारह से बढ़ाकर 20 करोड़ की फंडिंग से ही जहाज नियमित रूप से उड़ेंगे। हमें याद है कि चपलवालों को हवाई सेवाओं से गंतव्य तक पहुंचाने का राष्ट्रीय वादा मोदी जी ने शिमला की उड़ान शुरू करके किया था, लेकिन यही सफर हिमाचल के पांव में कांटा बन कर चुभने लगा है। हम पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर ऐसी कनेक्टिविटी से महरूम हो रहे हैं। हिमाचल में कनेक्टिविटी के लिहाज से कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार पर केंद्र सहयोग करे, तो यह क्षेत्रीय हवाई सेवाओं के विस्तार में भी अहम भूमिका प्रदान करेगा। दूसरी ओर अंब-अंदौरा तक पहुंची ट्रेन को ज्वालाजी, कांगड़ा और मंडी तक पहुंचाने का खाका बने, तो पर्यटन की मंजिलें चारों तरफ दिखाई देंगी। हिमाचल में सडक परिवहन की अपनी दिक्कतें हैं, फिर भी फोरलेन मार्ग अगर रूपांतरित होते हैं, तो प्रदेश में आर्थिकी के चक्के भी घूमेंगे। भविष्य की संभावित कनेक्टिविटी को देखते हुए हिमाचल की पर्यटन परियोजनाओं को सैलानियों के लिए सस्ती परिवहन सेवाओं से जोड ?ा होगा। प्रमुख पर्यटक स्थलों पर साइट सीइंग के संघर्ष में टैक्सी सेवाएं महंगी व असहज करती हैं। स्थानीय और प्रादेशिक स्तर पर ऑनलाइन बुकिंग का ऐसा खाका बनाना होगा ताकि पर्यटक व आम नागरिक की आवाजाही सस्ती दरों पर हो। ओला-ऊबर जैसी सेवाओं की प्रतीक्षा का उत्तर सरकार को खोजना होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों विशेष कर टैक्सी परमिट में सरकार ने युवाओं को विशेष सबसिडी प्रदान की है। इस प्रयोग को सफल बनाने का मॉडल सस्ती इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा से जोड ?ा होगा। किसी एक पर्यटक स्थल की तमाम टैक्सियों को इलेक्ट्रिक में बदल कर परिवहन और साइट सीइंग की दरें इस स्थिति में ला दें कि लोग निजी वाहनों का इस्तेमाल ही छोड़ दें। इलेक्ट्रिक परिवहन के सारे विकल्पों का इस्तेमाल करके हिमाचल पर्यटकों को यह आश्वासन दे सकता है कि विदेश के मुकाबले कितना सहज, सरल व सस्ता है हिमाचल का पैकेज।

# गांधी परिवार को राहत

राजधानी दिल्ली की राउज एवेन्यु अदालत ने नेशनल हेराल्ड केस में आरोप-पत्र का संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। आरोप-पत्र प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दाखिल किया था। सालों की जांच-पड़ताल, साक्ष्यों के संग्रह और आरोपितों से सवाल-जवाब के बाद यह आरोप-पत्र तैयार किया गया था। अदालत का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज किए बिना किसी आरोप-पत्र पर संज्ञान लेना संभव नहीं है, क्योंकि पूरी जांच एक निजी शिकायत के आधार पर की गई है। वह निजी शिकायत 2012 में डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने दर्ज कराई थी। यदि यह तर्क उचित है, तो इतने लंबे सालों तक सरकारी जांच एजेंसियां जांच क्यों करती रहीं? गौरतलब यह है कि 2019 में धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 में यह संशोधन किया गया था कि जांच एजेंसी निजी शिकायत के आधार पर भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच कर सकती है, लिहाजा वह अदालत में आरोप-पत्र भी दाखिल कर सकती है। ऐसे संसदीय संशोधन के बावजूद निचली अदालत ने संज्ञान क्यों नहीं लिया? बहरहाल इस सवाल पर ईडी उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकता है, लेकिन निचली अदालत ने केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की और जांच को जारी रखने के आदेश दिए। बेशक सोनिया-राहुल गांधी के लिए फिलहाल एक बड़ी राहत है, क्योंकि अदालत में आरोप तय नहीं होंगे, तो केस कैसे चलेगा? गांधी द्वय को सजा भी नहीं दी जा सकती। घोटाले का यह केस किसी भी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाएगा। नेशनल हेराल्ड केस गांधी परिवार और कांग्रेस के लिए बेहद संवेदनशील है, क्योंकि उसे 2000 करोड़ रुपए के घपले के तौर पर चित्रित किया जाता रहा है। सोनिया-राहुल गांधी को अभियुक्त नंबर 1 और 2 बनाया गया है।